Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, शनिवार 13 दिसम्बर 2025

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

बस्तर ओलंपिक 2025

11 – 13 दिसंबर 2025

करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर

रिकॉर्ड 3.91 लाख पंजीयन



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री

श्री अमित शाह जी का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर हार्दिक स्वागत, वंदन, अभिनंदन



2 साल निरंतर सेवा निरंतर विकास

गरीब, युवा, महिला और किसान
दो वर्ष में हुआ सबका कल्याण

सुशासन के 2 वर्षों में बदलाव की मिसाल बना छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

Samvad-46213/67

# बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होने अमित शाह पहुंचे रायपुर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचे। माना एयरपोर्ट पर गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत सीएम विष्णुदेव साय ने किया। शाह एयरपोर्ट से मेफेयर रिसोर्ट के लिए रवाना हो गए। बता दें कि अमित शाह शनिवार को जगदलपुर जाएंगे, जहां वे बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल होंगे। जहां वो दोपहर 2:45 से 4:45 तक बस्तर ओलंपिक समापन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे जगदलपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। बता दें कि इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ सीएम विष्णु देव साय ने किया। शुभारंभ अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज पद्मश्री मैरी-कॉम भी बतौर अतिथि मौजूद रहीं।

## बिना अनुमति के जुलूस, प्रदर्शन, रैली पर पुलिस ने लगाया प्रतिबंध

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी शीतकालीन यात्रा, पर्यटन सीजन, क्रिसमस और नये साल तथा स्कूलों की छुट्टियों के दौरान काफी संख्या में पर्यटकों के देहरादून आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने प्रतिबन्धित चौराहों स्थानों पर धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली निकालने वालों पर कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि बिना अनुमति के धरने प्रदर्शन, जुलूस, रैली आदि का आयोजन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में क्रिसमस और नव वर्ष पर भारी संख्या में पर्यटक देहरादून, मसूरी और उसके आसपास के पर्यटक स्थलों पर आते हैं। इसके अलावा स्कूलों की छुट्टियों भी पड़ जाती है। वर्तमान में चल रहे।

# पुस्तक 'गर्दा उड़ गईल' के लोकार्पण समारोह में अशोक चौधरी ने कहा, बिहार चुनाव में सुशासन की जीत हुई

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत नीतीश कुमार के बीस वर्षों के सुशासन का परिणाम है। चौधरी ने पटना पुस्तक मेले में पत्रकार अकु श्रीवास्तव की अभी हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार चुनाव पर लिखी गयी पुस्तक 'गर्दा उड़ गईल' के लोकार्पण समारोह में कहा कि बहुत से राजनीति के विशेषज्ञों ने इस बात का प्रचार किया कि जीत महिलाओं के खाते में दस हजार भेजने की वजह से हुई। उन्होंने कहा कि वह ऐसे लोगों से सहमत नही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खाते में दस हजार उन्हें रोजगार के अवसर देने के लिए भेजे गए। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार पिछले बीस वर्षो से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर काम कर रही है और इस वर्ष भेजी गई सहायता निरंतर चल रही प्रक्रिया का हिस्सा थी। मंत्री ने कहा कि राजनीति इतनी आसान नही होती है और बहुत बड़े विद्वान तथा पैसे वाले इस आग में कूद कर अपना हाथ जला चुके हैं। उन्होंने बिना नाम लिए जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि चुनावी इवेंट में भाग लेना और सोशल मीडिया पर फॉलोइंग बढ़ने से कोई चुनाव नही जीत सकता है। चौधरी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री कुमार ने प्रदेश में विकास की बुनाई की है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला उलेन धागे से स्वेटर बुनना शुरू करती है तो देख कर यह पता नही चलता कि वह कौन सी पोशाक बना रही है, लेकिन जब वही बन कर तैयार होता है तो पता चलता है कि कौन सी पोशाक तैयार की जा रही थी। उन्होंने कहा कि 2005 से नीतीश कुमार ने जो विकास के धागे बुने, इस बार बिहार चुनाव में उसी का परिणाम देखने को मिला। मंत्री ने कहा कि पिछले बीस वर्षो में नीतीश सरकार ने सड़कें बनाई, अपराध नियंत्रित किया, कृषि क्षेत्र में विकास हुआ और हर घर तक बिजली पहुंची। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बिहार के पास 700 मेगा वाट बिजली थी, जिसमे से 350 मेगावाट केवल पटना में उपयोग होता था और बाकी के पूरे प्रदेश का काम 350 मेगावाट बिजली से चलता था। उन्होंने कहा कि कुमार के नेतृत्व में आज बिहार में बिजली 8800 मेगावाट मुहैया की जा रही है।

# यूपी में वन विभाग द्वारा चिह्नित 52 वेटलैंड्स पर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर बनी सहमति

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई दिशा देने के उददेश्य से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरुण कुमार सक्सेना की संयुक्त बैठक पर्यटन निदेशालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और विभिन्न वेटलैंड्स को एकीकृत रूप से विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वाइल्ड लाइफटूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिए रोडमैप पर विस्तृत चर्चा हुई। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। समग्र, जिम्मेदार और सतत पर्यटन विकास के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या नहीं, समाधान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इको-टूरिज्म विकास को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। बैठक में दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश की 10 रामसर साइट्स नवाबगंज, पार्वती आर्गा, समान, समसपुर, सांडी, सरसई नावर, सूर सरोवर, ऊपरी गंगा, बखिरा तथा हैदरपुर वेटलैंड को आधुनिक इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। इन स्थलों पर प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, वॉच टावर, साइनेज, कॉटेज, कैंटीन, गज़ीबो, स्वागत कक्ष और आरओ सहित पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तपोषण की आवश्यकता भी प्रस्तुत की गई। इको-टूरिज्म गाइड, ड्राइवर, हॉस्पिटैलिटी स्टाफके प्रशिक्षण तथा वन विभाग की सहमति से कंसल्टेंट नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इको-टूरिज्म को नई पहचान देने की तैयारी में है। बरेली के नगर वन और कन्नौज के लाख बहोसी पक्षी विहार को उन्नत रूप में विकसित करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में बर्ड सर्किट सूर सरोवर (आगरा), शेखा झील (अलीगढ़), रपड़ी वेटलैंड (फिरोजाबाद), सरसई नावर (इटावा) एवं लाख बहोसी वेटलैंड (कन्नौज) के समग्र विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। पर्यटन व वन विभाग ने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड' मॉडल पर 52 वेटलैंड चिह्नित किए हैं।

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 450 अंक उछला

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक (0.53) प्रतिशत की बढ़त में 85,267 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 26,046.95 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.94 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी और मीडिया समूहों में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। इटरनल और अल्ट्राटेक सीमेंट में दो फीसदी से अधिक की तेजी रही। एलएंडटी, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, अडानी पोर्ट्स, बजाज फइनेंस और एक्सिस बैंक में भी अच्छी लिवाली हुई। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर दो फीसदी के करीब टूटा। सनफार्मा, आईटीसी और एशियन पेंट्स भी गिरावट में रहे।




## लोक सेवा आयोग ने दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा शुरू की

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिसंबर 2025 से सभी दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा की शुरुआत की है, जिसके तहत वे अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। आयोग ने इन उम्मीदवारों की अक्सर लॉजिस्टिक चुनौतियों और खास जरूरतों को देखते हुए फैसला लिया है कि हर दिव्यांग अभ्यर्थी को वही परीक्षा केंद्र दिया जाए जिसे उन्होंने आवेदन प्रपत्र में अपनी पसंद के तौर पर बताया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने इस पहल के बारे में कहा, पिछले पांच सालों के परीक्षा केंद्र डेटा का परीक्षण करने के बाद हमने पाया कि दिल्ली, कटक, पटना, लखनऊ और दूसरे कुछ केंद्र अभ्यर्थियों की अधिक संख्या के कारण बहुत जल्दी अपनी क्षमता को पार कर जाते हैं। इससे दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए मुश्किलें खड़ी होती हैं, जिन्हें फिर ऐसे केंद्र चुनने के लिए मजबूर होना पड़ता है जो उनके लिए सुविधाजनक नहीं होते हैं। उन्होंने कहा मुझे खुशी है कि इस फैसले से हर दिव्यांग उम्मीदवार को अब अपने पसंदीदा केंद्र का भरोसा मिलेगा, जिससे संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देते समय अधिक से अधिक आसानी और सुविधा होगी। हर केंद्र की मौजूदा क्षमता का इस्तेमाल पहले दिव्यांग और गैर-दिव्यांग दोनों उम्मीदवार करेंगे।

## स्टालिन ने शिवराज पाटिल के निधन पर शोक जताया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल के निधन पर शोक जताया और उनकी प्रशासनिक काबिलियत की तारीफ की। स्टालिन ने अपने शोक संदेश में कहा, पाटिल को सार्वजनिक जीवन में पांच दशकों का अनुभव था। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय गृह मंत्री और राज्यपाल के तौर पर अलग-अलग पदों पर शानदार तरीके से काम किया। उन्होंने आगे कहा कि वह पाटिल के निधन से दुखी हैं। पाटिल का दिवंगत द्रमुक नेता एम करुणानिधि के प्रति खास प्यार और लगाव था। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों, कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।



## लघु खनिज प्रबंधन पर सीएजी रिपोर्ट से झारखंड की सत्ता-विपक्ष में तीखा वार-पलटवार

**रांची।** झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन पर सामने आई सीएजी की विशेष ऑडिट रिपोर्ट ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। रिपोर्ट में 2017-22 के बीच खनन गतिविधियों में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है, जिसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में आज जुट गए हैं। झारखंड के प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने बताया कि ऑडिट के दौरान लघु खनिज प्रबंधन में कई गंभीर खामियां पाई गई हैं–जिसमें बिना नंबर और बिना जीपीएस ट्रैकर वाली गाड़ियों से अवैध ढुलाई, सीमा से अधिक पट्टा आवंटन, वन भूमि पर खनन, और ई-नीलामी प्रक्रिया में देरी जैसी अनियमितताएं शामिल हैं। इनसे राज्य को बड़े राजस्व नुकसान के साथ-साथ पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचने की बात सामने आई है। रिपोर्ट में छह जिलों में खनन, पट्टा आवंटन और राजस्व प्रबंधन से जुड़ी गड़बड़ियों का स्पष्ट उल्लेख है। इसमें यह भी कहा गया कि कई मामलों में नवीकरण समय पर नहीं हुआ और कई पट्टों का आवंटन नियमों के विपरीत किया गया। सीएजी रिपोर्ट सामने आने के बाद सरकार बचाव की मुद्रा में नजर आई। झारखंड सरकार के संसदीय व वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सीएजी की आपत्तियों की समीक्षा सदन की पब्लिक अकाउंट्स कमिटी (पीएसी) करती है, और जिन आपत्तियों का निवारण संभव होता है, उन्हें प्रक्रिया के तहत निपटा दिया जाता है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और महासचिव राकेश सिन्हा ने भी रिपोर्ट को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि सरकार को सीएजी की टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

## उत्तराखंड लौटने वालों की संख्या 44 प्रतिशत बढ़ा : धामी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के दौरे पर आये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उनकी सरकार पलायन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और पर्वतीय राज्य में फिर से अपने मूल स्थान लौटने (रिवर्स पलायन) वालों की संख्या 44 प्रतिशत बढ़ी है। धामी ने लेटीबुंगा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में उत्तराखंड आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी क्षेत्रों में तेज़ी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंची धाम, नैनादेवी मंदिर, मुक्तेश्वर धाम सहित सभी पौराणिक मंदिरों का पुनरूद्धार कार्य मिशन मोड में चल रहा है। पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए 'एक जनपद-दो उत्पाद', 'हाउस ऑफ हिमालयाज', 'स्टेट मिलेट मिशन', 'होमस्टे', 'वेड इन उत्तराखंड' जैसी योजनाएँ संचालित की जा रही है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दे रही हैं।



# विमानन क्षेत्र में नागरिकों के अधिकारों का हनन रोके सरकार : विपक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विमानन क्षेत्र में हाल में पैदा हुए अभूतपूर्व संकट पर सदस्यों ने लोकसभा में गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि सरकार ने इस क्षेत्र को निजी हाथों को सौंपकर एकाधिकार को बढ़ावा दिया है जिसके कारण मनमाने ढंग से यात्रियों को लूटा जा रहा है और विमानन कंपनियां लाभ के लिए निर्ममता के साथ नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रही है।

लोकसभा में गैर सरकारी सदस्यों ने इस संबंध में पेश संकल्प पर चर्चा के दौरान कहा कि सरकार विमानन कंपनियों को आम नागरिकों को प्रताड़ित करने और उनकी जेब पर डाका डालने की छूट दे रही है और इसी का परिणाम है कि हाल में इंडिगो विमानन सेवा के कारण देशभर के हजारों यात्रियों को अभूतपूर्व संकट का सामना करना पड़ा। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने की अनिश्चितता के साथ ही हवाई अड्डों पर भारी संकटों का सामना करना पड़ा लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं था। पूरी तरह से अराजकता का माहौल था और देशी मार्गों पर यात्रियों को एक-एक लाख रुपए तक का भुगतान करना पड़ा। लोग अपनों से मिलने से वंचित रह गये, युवा परीक्षाओं में शामिल नहीं हो सके और बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में विमानन कंपनी की मनमानी के कारण शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस की प्रोफेसर वर्षा एकनाथ गायकवाड़ ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि सस्ती उड़ानों के जरिए देश के नागरिकों को सफर का सपना दिखाने वाली सरकार में इंडिगो की मनमानी चल रही है और सरकार उसको नहीं रोक पा रही। देश के भीतर यात्रा के लिए यात्रियों को लाख-लाख रुपए तक किराया देना पड़ा। उन्होंने इसे विमानन कंपनियों पर एकाधिकार का परिणाम बताया और कहा कि सरकार इंडिगो को जिस तरह से प्रमोट करती रही है यदि यही सब चलता रहा तो फिर दिक्कतें आती रहेंगी और आम लोगों लिए हवाई सेवा का मतलब नहीं रह जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में एअरलाइंस बंद हो रही है और करीब 20 कंपनियों पर ताले लग चुके हैं या उनका विलय हो गया है। इसके कारण एअरलाइंसों की मनमानी बढ़ रही है। आम लोगों के लिए इसी वजह से हवाई सेवा कठिन होती जा रही है और उनका यह एकाधिकार नागरिकों के लिए संकट बन गया। एअर पोर्ट पर वाहनों से वेटिंग के नाम पर अत्यधिक पैसा लूटा जा रहा है और यह लूट मिनटों और घंटो के हिसाब से हो रही है।

# पीलीभीत में हत्या के मामले में पांच को उम्रकैद

एजेंसी ◄ पीलीभीत
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले की एक अदालत ने गोकशी की मुखबिरी के संदेह पर पड़ोसी की हत्या करने के दस साल पुराने मामले में पांच लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। पूरनपुर थाना क्षेत्र में लगभग दस वर्ष पूर्व वकील खां की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने मुख्य दोषी शहीदा उर्फ शहीद खां समेत उसके चार साथी भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। घटना 24 जून 2015 को पूरनपुर के ढका गांव में हुई थी। अभियोजन पक्ष के सहायक शासकीय अधिवक्ता नंदन बाबू गंगवार ने मीडिया को बताया कि ढका गांव निवासी शहीद खां उर्फ शहीदा सुनसान क्षेत्रों में गोहत्या कर मांस तस्करी करता था। जनवरी 2015 में पुलिस ने उसे गोकशी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शहीदा के चार साथी भाइयों, शाहिद खां, राशिद, आरिफ व वाजिद, को यह शक था कि पड़ोसी वकील खां ने ही पुलिस को सूचना दी थी। वकील खां की पत्नी शाहबुन्निशा के अनुसार, 24 जून 2015 को जब वकील खां ने गन्ने के खेत में गोकशी की तैयारी कर रहे शहीदा पर आपत्ति जताई तो दोनों में मारपीट हुई। दोपहर करीब 12:30 बजे, शहीदा और उसके साथी राशिद, आरिफ, शाहिद और वाजिद लाइसेंसी राइफल, बंदूक और तमंचे लेकर वकील खां के घर में घुस आए। शोर सुनकर वकील खां के बड़े भाई अकील खां बीच-बचाव के लिए आए, तो उन्हें भी पीटा गया। इसके बाद हमलावर वकील खां को घर से खींचकर सड़क पर लाए और ताबड़तोड़ गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस विवेचना में पता चला कि घटना में शहीदा व उसके चार भाइयों के साथ खालिद व आसिफ भी शामिल थे। अभियोजन पक्ष ने घटना की प्रत्यक्षदर्शी शाहबुन्निशा और घायल हुए नूर मोहम्मद व अतीक समेत अन्य ग्रामीणों को गवाह बनाया था। न्यायालय ने शहीदा, शाहिद, राशिद, आरिफ और वाजिद को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त शहीदा और राशिद पर 34-34 हजार रुपये तथा अन्य तीन भाइयों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, खालिद और आसिफ को तीन-तीन वर्ष कारावास और चार-चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से छत्तीसगढ़ मखाना बोर्ड में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से प्रदेश में मखाना की खेती को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ को मखाना बोर्ड में शामिल किया गया है। इस ऐतिहासिक फैसले से राज्य में मखाना की खेती कर रहे किसानों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि हाल ही में धमतरी जिले में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में मखाना की खेती के प्रयासों को देखते हुए मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है। राज्य में हो रहे मखाने के उत्कृष्ट उत्पादन पर केन्द्रीय मंत्री चौहान ने प्रसन्नता भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मखाना बोर्ड के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती, जल प्रबंधन, प्रसंस्करण तकनीक और बाजार तक पहुच में सहायता दी जाएगी। इसी तारतम्य में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में मिशन फार इंटिग्रेटेड डेव्हलपमेंट आफ हार्टिकल्चर अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संचालक उद्यानिकी लोकेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 से सेंट्रल सेक्टर स्कीम फॉर डेवलपमेंट ऑफ मखाना प्रारंभ किया गया है। इस योजना में शत प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 में आगामी 4 माह हेतु 180 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। योजना के तहत तालाब में मखाना की खेती करने वाले किसानों को राशि 1.79 लाख रूपए की इकाई लागत के विरुद्ध 40 प्रतिशत की राशि 72000 रूपए का अनुदान देने का प्रावधान है। इसी तरह स्वयं के खेत में मखाना उत्पादन करने वाले कृषकों को राशि 1.32 लाख रूपए की इकाई लागत के विरुद्ध 40 प्रतिशत की राशि 53000 रूपए का अनुदान देने का प्रावधान है। साथ ही नए तालाब के निर्माण पर राशि 7.00 लाख की इकाई लागत के विरुद्ध 40 प्रतिशत राशि .2.80 लाख का अनुदान देने का प्रावधान है।

# वर्ष 2026 में आएगी नई आयुष पॉलिसी पीपीपी मोड से आयुष इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com




देश के आयुष सेक्टर में अपनी धाक जमाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार नई आयुष पॉलिसी लाने जा रही है। प्रदेश में आयुष उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी में निवेशकों को विभिन्न तरह की सहूलियतें दी जाएंगी। पॉलिसी में आयुष रिसर्च को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है ताकि प्रदेश को आयुष रिसर्च का हब बनाया जाए। पॉलिसी का उददेश्य प्रदेश में आयुष दवाओं की जांच और भर्ती के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है। नई पॉलिसी के तहत प्रदेश में आयुष अस्पतालों में मरीजों के इलाज की व्यवस्था को और भी बेहतर बनाया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में आयुष विभाग को लगातार विकसित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। नई आयुष पॉलिसी में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई प्रकार की सहूलतें दी जाएंगी। इसमें कैपिटल सब्सिडी के साथ-साथ लैंड परचेज में स्टांप ड्यूटी में छूट और ग्रीन फील्ड पर विशेष छूट देने की योजना है। इसका उद्देश्य आयुष उद्योग के विस्तार में तेजी लाना और इसे एक वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना है। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि नई पॉलिसी का मकसद पूरे देश में आयुष क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की धाक बन सके और आयुष के क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्योगपति उत्तर प्रदेश का रूख कर सकें। इसके लिए मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मेडिकल क्षेत्र में आयुष की भूमिका को अहम बनाने के लिए नई आयुष पॉलिसी बनायी जा रही है। इसमें आयुष की प्राचीन पद्धति पंचकर्म, नेचरोपैथी और वेलनेंस सेंटर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में आयुष कारोबार को और बढ़ावा मिलेगा। नई पॉलिसी से न केवल आयुष कारोबार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के एक और स्तर तक पहुंचाने में भी सहायक होगा। नई आयुष पॉलिसी में पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर अस्पतालों का निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्रर के विकास को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा, आयुष अस्पतालों के निर्माण के लिए नए कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिनमें आयुर्वेद, योग और होम्योपैथी से संबंधित कोर्स शामिल होंगे।

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

रायपुर, शनिवार 13 दिसम्बर 2025



## गरीबों को आवास




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गरीबों को छत मुहैया कराने उनके लिए आवास उपलब्ध कराने की ओर तेजी से काम किए गए। पीएम के हाथों मकान की चाबी पाकर हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त की।

## खुशहाल किसान



मोदी की गारंटी पूरा करते हुए राज्य की विष्णु सरकार 3100/- रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है। अपनी उपज की वास्तविक कीमत पाकर राज्य के किसान खुशहाल नजर आ रहे हैं।

# सुशासन के दो वर्ष और मोदी की गारंटी

# साय सरकार का संकल्प हो रहा पूरा

### प्रधानमंत्री के संकल्पों को धरातल पर उतारकर छत्तीसगढ़ को नई दिशा देने वाली सरकार के 2 वर्ष



**बस्तर शांति मॉडल**

सुरक्षा कैंप–सड़क –मोबाइल नेटवर्क



**महिलाओं का सम्मान**

महिलाओं को प्रतिमाह 1000/- रू दे रही सरकार



दूरस्थ अंचल तक स्कूल शिक्षा सुदृढ़ करने सरकार ने उठाए अनेकों कदम, युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों की कमी हुई दूर



**गरीब कल्याण**

मुफ्त राशन, सीधा लाभ



आदिवासियों, वनवासियों को मिला तेंदूपत्ता का वास्तविक मूल्य



**युवाओं को अवसर**

कौशल, स्टार्टअप, नौकरी

# मोदी की गारंटी–वादों को परिणाम में बदलने की जन-यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मॉडल स्पष्ट है- वादे नहीं, वादों की पूर्ति। छत्तीसगढ़ में इन गारंटी योजनाओं को जिस तेजी और पारदर्शिता के साथ लागू किया गया, वह शासन की प्रतिबद्धता और प्रशासन की सजगता का प्रमाण है। विष्णुदेव साय सरकार ने गारंटी योजनाओं को 'रूट मैप' बनाने की बजाय 'एक्शन प्लान' के रूप में अपनाया-जहाँ लक्ष्य भी स्पष्ट, समय-सीमा भी निश्चित और कार्य विभाजन भी प्रभावी रहा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 'मोदी की गारंटी' के प्रमुख आयाम

### 1 गरीब कल्याण

'कोई भूखा न सोए' का मिशन

- प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत करोड़ों लोगों को निःशुल्क राशन
- वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता
- पात्रता विस्तार, नए कार्ड, और ग्राम स्तर तक सुदृढ़ सप्लाई चेन

छत्तीसगढ़ की सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि दूरस्थ पहाड़ों और धान के खेतों के बीच रहने वाले परिवार भी इस गारंटी से वंचित न रहें।

### 2 अन्नदाता का सम्मान

किसानों की आय बढ़ने की दिशा में निर्णायक कदम

- एमएसपी पर पारदर्शी धान खरीदी
- बकाया भुगतान का तीव्र निपटान
- खेती को तकनीक और सिंचाई से जोड़ने की नीति
- प्राकृतिक कृषि और मिलेट मिशन को नई गति

साय सरकार ने सुनिश्चित किया कि खेती केवल परंपरा न रहे, बल्कि बेहतर आय का मजबूत आधार बने।

### 3 महिला सशक्तिकरण

लक्ष्मी सम्मान की राह पर बढ़ता छत्तीसगढ़

- महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक शक्ति
- सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम
- रोजगार आधारित प्रशिक्षण
- जनजातीय महिला उद्यमिता के लिए विशेष निधियाँ

पीएम मोदी की सोच है–'महिला शक्ति ही राष्ट्र शक्ति।' इसी भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने हजारों परिवारों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाया।

### 4 युवाओं को अवसर

भविष्य निर्माण की गारंटी

- रोजगार पोर्टल
- कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम
- खेल अकादमी और इन्फ्रास्ट्रक्चर
- नई औद्योगिक नीतियों

युवाओं को अवसर देना मोदी की प्राथमिकताओं में रहा है। छग सरकार ने इस गारंटी को साकार करते हुए युवाओं की क्षमता को नए पंख दिए।

### 5 सुरक्षा और शांति

नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार

- सड़कों का तीव्र विस्तार
- मोबाइल टॉवर और डिजिटल नेटवर्क
- नए सुरक्षा कैंप
- बेहतर स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाएँ

नक्सल प्रभावित बस्तर में विकास और सुरक्षा की दोहरी नीति मोदी सरकार की प्रमुख गारंटी रही है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में–बस्तर अब युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि विकास का मार्ग बन रहा है।

### 6 आवास, पेयजल और आधारभूत संरचना

जीवन स्तर को नई ऊँचाई

- ग्रामीण आवास योजनाओं की गति
- हर घर नल-से-जल की तेजी
- गांव-शहर में सड़क संपर्क
- रेल और एयर कनेक्टिविटी

आवास, शौचालय, जल जीवन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने घर-घर परिवर्तन की धारा बहाई है। यह वही गारंटी है जो गांवों में रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाती है।

"

हमारी गारंटी–देश के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की गारंटी है।

*-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री*

छत्तीसगढ़ में गारंटी योजनाएँ कागज पर नहीं, जमीन पर दिख रही हैं।

*-विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री*

### पर्यटन, संस्कृति और धरोहर

नई पहचान की गारंटी

- चित्रकोट, तीरथगढ़, मैनपाट, रामगढ़, सिरपुर जैसे स्थलों का कायाकल्प
- आदिवासी संस्कृति के संरक्षण
- साहसिक पर्यटन और होमस्टे मॉडल

मोदी की गारंटी का यह आयाम छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से उभरा है। राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है। पर्यटन अब रोजगार भी दे रहा है और राज्य की नई छवि भी गढ़ रहा है।

# अनेक शिकायतों के बाद भी बीपीएम पर कार्यवाही नहीं

## कलेक्टर से मितानिनों ने की शिकायत, लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




सिविल अस्पताल कुरूद में पदस्थ ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर के विरूद्ध लगातार शिकायत होने के बाद भी स्वास्थ्य अमला इसे पूरी तरह प्रश्रय दिया जा रहा है जिसे लेकर छग राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग तथा मितानिनों ने पिछले दिनों कलेक्टर धमतरी से भेंट कर वर्षों से पदस्थ इस बीपीएम को हटाये जाने की मांग की है। शिकायत के अनुसार न सिर्फ उक्त बीपीएम पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है बल्कि वहां के लोगों ने यह भी बताया है कि एक महिला के साथ मिलकर इसे संदिग्ध अवस्था में भी देखा गया है जिसे लेकर वहां के कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस मैनेजर के विरूद्ध वर्ष 2018 से 2025 तक विभिन्न कर्मचारियों द्वारा लगातार शिकायत की गई। लेकिन स्वास्थ्य अमला द्वारा संबंधित पर कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से विभाग के उच्चाधिकारियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कलेक्टर को की गई शिकायत में मितानिनों ने बताया कि उक्त बीपीएम की कई गंभीर शिकायतें होने के बाद भी अब तक कार्यवाही नहीं होने से इसके हौसले बुलंद हैं। संबंधित पर कार्यवाही यदि नहीं होती है तो मितानिन संघ सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार है। वहीं संबंधित बीपीएम के शिकायतों की फाईल प्रदेश के भाजपा नेता, पूर्व मंत्री, कुरूद के विधायक के सामने प्रस्तुत किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। छग राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स संविदा) द्वारा की गई शिकायत के आधार पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सिविल अस्पताल कुरूद को नोटिस क्रमांक 5434/अजजाअ/दिनांक 28.9.2019 को जारी कर उक्त शिकायत के संबंध में साक्ष्य एवं जवाब हेतु दस्तावेजों के साथ 8.11.19 को 1 बजे आयोग में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इस प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही क्या हुई यह तो पता नहीं। लेकिन इसके बाद से इस बीपीएम के विरूद्ध मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सेक्टर 27 अटल नगर रायपुर को 20.9.22 को नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा शिकायत प्रेषित कर बीपीएम को स्थानांतरित करने की मांग की गई। शिकायत पत्र में नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष ने बताया था कि अपने अधिनस्थों से उक्त बीपीएम का व्यवहार संतुष्टिप्रद नहीं है। उनके द्वारा समय समय पर कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जाता है, विरोध करने पर सीआर खराब करने की धमकी दी जाती है। अमानवीय कृत्य करने के संबंध में भी इनके विरूद्ध शिकायत की गई। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 अछोटी के निवासी ने भी मिशन संचालक को सिविल अस्पताल कुरूद जिला धमतरी में पदस्थ विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक के विरूद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही करने की अपील की थी। जनपद पंचायत क्रमांक 16 के सदस्य रामा साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि उक्त बीपीएम पिछले लंबे समय से अमानवीय कार्य करके स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं। अस्पताल में कार्यरत विभिन्न अधिकारी, कर्मचारियों को डरा धमकाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जा रहा है। कुछ महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया जिसकी शिकायत महिला कर्मचारियों द्वारा जिला स्तर के अधिकारियों के समक्ष किया गया था। लेकिन जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा कुछ कार्यवाही नहीं किया गया। उक्त बीपीएम के विरूद्ध विभिन्न प्रकार के मामलों को लेकर और भी शिकायतें की गई। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ऐसी शिकायतों को किस कारण नजरअंदाज कर उसे प्रश्रय दे रहा है, इसे लेकर सिविल अस्पताल कुरूद में कार्यरत महिला, पुरूष कर्मचारियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। हद तो यह है कि कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देने, वेतन रोक देने जैसे धमकी देकर अभद्र व्यवहार किया जाता है। इनके संबंध में यह भी बताया गया कि उक्त बीपीएम एवं उनकी सहयोगी पदस्थ एक महिला कर्मचारी मिलकर लगातार ऐसा कृत्य कर रहे हैं जिससे सिविल अस्पताल की छवि खराब हो रही है। अभी हाल ही में मितानिनों के एक दल ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के समक्ष उक्त बीपीएम की पुनः शिकायत की थी। लेकिन उस पर अभी तक कार्यवाही नहीं होने से इसके हौसले बुलंद हैं जिसे तत्काल हटाये जाने की मांग बलवती हो रही है।

# धमतरी में नक्शा प्रोजेक्ट का निरीक्षण

## कलेक्टर व संचालक भू-अभिलेख ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में चल रहे नक्शा प्रोजेक्ट के अंतर्गत फिजिकल वेरिफिकेशन कार्यो का निरीक्षण कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा संचालक भू-अभिलेख विनित नंदनवार द्वारा किया गया। यह प्रोजेक्ट नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र के पाँच गांव धमतरी, गोकुलपुर, सोरिदभाट, बठेना और हटकेश्वर में संचालित हो रहा है। इन क्षेत्रों के 40 वार्डों को सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए 12 क्लस्टर में विभाजित किया गया है, जिनमें कार्य हेतु 48 सर्वे टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में राजस्व निरीक्षक, पटवारी, निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं चैनमैन शामिल हैं। बेहतर निगरानी के उददेश्य से सभी टीमों के लिए 12 दल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें उपायुक्त निगम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, निगम इंजीनियर तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख सम्मिलित हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और संचालक विनित नंदनवार ने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि नक्शा प्रोजेक्ट जिले में भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने सर्वे टीमों को निर्देशित किया कि फील्ड वेरिफिकेशन में पूर्ण सटीकता, पारदर्शिता और समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीमों द्वारा प्राप्त प्रत्येक डेटा की जीपीएस आधारित सटीक मैपिंग, सही सीमांकन एवं स्थल का वास्तविक सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम इंदिरा नवीन सिंह प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, मनोज मरकाम, उप संचालक भू-अभिलेख राकेश साहू, उपायुक्त नगर पालिक निगम सार्वा, अधीक्षक भू-अभिलेख मास्टर ट्रेनर दीपचंद भारती तथा सभी सर्वे टीमों के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी टीमों को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं किसी भी प्रकार की त्रुटि मिलने पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के भूमि अभिलेखों को अपडेट करने के साथ-साथ आगे की बेहतर नगरीय योजना का आधार बनेगा।

# योग प्रशिक्षण शिविर 13 दिसम्बर से

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



योग प्रशिक्षण शिविर (35 वां वर्ष)दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसम्बर तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसम्बर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएँ दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7.00 से 8.30 बजे, महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 4.00 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। पंजीयन योग भवन में पहुंचकर करा सकते हैं।

# बीईओ जोल्हे ने संकुल केंद्र भंवरपुर में प्रधान पाठकों की ली क्लास

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



संकुल केंद्र भंवरपुर में बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे विकास खण्ड स्रोत समन्वयक अनिल सिंह संकुल समन्वयक बुन्दलाल नायक, डीजेंद्र कुर्रे, गजेन्द्र नायक, वारिश कुमार,एफएलएन नोडल शरण दास के नेतृत्व में संकुल स्तरीय प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक आयोजित कि गई। बैठक में भंवरपुर संकुल के सभी संस्था प्रमुख उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे ने बिंदुवार विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया साथ ही साथ एक एक प्रधानपाठकों को अपने अपने विद्यालय की आपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र एवं ऑनलाइन उपस्थिति पर समीक्षा किया गया। इसके अलावा डिस्मेंटल योग्य भवन की जानकारी, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी सर्वेक्षण 2025, सीडब्ल्यूएसएन बच्चों की सत्यापन एवं यूडाइस में एंट्री, यू डाइस में विद्यार्थियों का सत्यापन पंजीयन कार्य पूर्ण करना, बलवाड़ी एवं आंगनबाड़ी के सह स्थापन के संबंध में, संकुल के समस्त प्राथमिक शालाओं को निपुण करना, पीएम ई विद्याचैनल, महापरीक्षा आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव ने सभी को पूरे उत्साह के साथ कार्य करने को कहा।अंत में बुन्दलाल नायक समन्वयक के द्वारा आभार व्यक्त कर सभी जानकारी को समय में पूरा करने का आश्वासन दिया।

# ग्राम पंचायत बगरूमनाला में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन तथा बड़ौदा आरसेटी संस्था के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत बगरूमनाला में आयोजित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 नवंबर से 8 दिसंबर तक किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 08 नवंबर से प्रारंभ हुआ है जिसका उददेश्य ग्रामीण युवाओं को भवन निर्माण से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की दक्षता का मूल्यांकन लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा प्रैक्टिकल एवं साक्षात्कार वाइवा के माध्यम से किया जाएगा। एक माह की इस प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे ईंट-गारा कार्य, प्लास्टर, ढलाई, नाप-जोख एवं संरचनात्मक तकनीक की गहन जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास और कौशल दोनों को निखारा जा रहा है जिससे वे अब स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सक्षम होंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर, कुशल और रोजगारपरक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# धमतरी में पहुंचेगी लोकल फॉर वोकल की संकल्प यात्रा

## महापौर करेंगे शुभारंभ, व्यापार जगत में उत्साह की लहर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



व्यापार को सशक्त बनाने और लोकल फॉर वोकल अभियान को गति देने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में कैट द्वारा संकल्प रथ यात्रा निकाली जा रही है। गौरव का विषय है कि यह यात्रा अब धर्मनगरी धमतरी पहुंच रही है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यह संकल्प यात्रा 13 दिसंबर, शनिवार को दोपहर 2.30 बजे धमतरी के मकई चौक पहुंचेगी। यहां रथ यात्रा का उद्घाटन नगर निगम के प्रथम नागरिक महापौर रामू रोहरा, व्यापारीगण तथा कैट जिला अध्यक्ष महेश जसूजा संयुक्त रूप से करेंगे। कैट जिला अध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि इस यात्रा का उददेश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन देना और स्वदेशी उद्योगों को सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी राइस मिलर्स, इंडस्ट्रीज संचालकों, व्यापारी भाइयों व शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने साथियों एवं इष्ट-मित्रों के साथ शामिल होकर स्वदेशी संकल्प को मजबूत करें। यह रथ यात्रा मकई चौक से सदर बाजार तक भव्य स्वागत के साथ चलेगी, जहां व्यापारियों द्वारा जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# अटल इंडिकेटर रैंकिंग सुधार पर फोकस, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सहित सभी स्वास्थ्य अधिकारी एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर मिश्रा ने बैठक की शुरुआत अटल इंडिकेटर रैंकिंग की विस्तृत प्रगति की समीक्षा से की। उन्होंने संकेतवार उपलब्धियों का अवलोकन करते हुए उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जिनमें सुधार की आवश्यकता अधिक है। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी लक्ष्य आधारित कार्य करें। कलेक्टर ने अटल इंडिकेटर रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष जोर दिया। बैठक में संस्थागत प्रसव बढ़ाने, टीकाकरण प्रतिशत सुधारने, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, कुपोषण कम करने तथा टीबी-मलेरिया जैसे रोग नियंत्रण कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता, दवा उपलब्धता, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एचडब्ल्यूसी के मानकों को बेहतर कर रैंकिंग सुधारने पर बल दिया गया। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, मलेरिया-फाइलेरिया नियंत्रण, गैर-संचारी रोग पोषण अभियान, एनीमिया मुक्ति कार्यक्रम सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई। इस दौरान टीबी के मामलों, सिकलसेल स्क्रीनिंग की तथा लैप्रोस्कोपी बीमारियों और पीड़ित मरीजों की मॉनिटरिंग प्रगति आदि की जानकारी ली। समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि हर लाभार्थी तक समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ पहुंच सकें। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी और आईपीडी सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मानव संसाधन की कमी को प्राथमिकता से दूर करने पर बल दिया। उन्होंने साफ कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एचआईएमएस पोर्टलों में समय पर सटीक और पारदर्शी डाटा प्रविष्टि पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि विश्वसनीय डाटा ही बेहतर योजना निर्माण और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की नींव है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को डाटा गुणवत्ता सुधार हेतु नियमित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आश्वस्त किया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ताए पहुंच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा सभी आवश्यक कदम निरंतर उठाए जाएँगे।

# कलेक्टर उइके ने प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य-विभाजन किया जारी

## सीईओ, अतिरिक्त कलेक्टर व अपर कलेक्टरों को नई जिम्मेदारियां

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बीएस उइके ने जिला प्रशासन गरियाबंद में अधिकारियों के कार्य विभाजन का आदेश देते हुए प्रशासनिक सेवकों के विभिन्न अधिकारियों के दायित्वों का पुनर्वितरण करते हुए विस्तृत कार्य-विभाजन आदेश जारी किया है। नए आदेश के अनुसार कई विभागों की जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं। इनमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, जल संसाधन, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, जनसमस्या निवारण शिविर, लाईवलीहुड कॉलेज, मुख्यमंत्री कौशल विकास, जन धन योजनाएँ, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, ग्रामिण स्वास्थ्य मिशन, आदिवासी विकास तथा अन्य प्रमुख विभागों का दायित्व सौपा गया है। अतिरिक्त कलेक्टर पंकज डाहिरे को राजस्व, खाद्य सुरक्षा, आवश्यक वस्तु अधिनियम, पेट्रोलियम अधिनियम, पशु, सहित कई संवेदनशील प्रकरणों का निराकरण अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा किया जाएगा। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के यात्रा भत्ता, चिकित्सा बिल, भविष्य निधि आहरण, सेवानिवृत्ति से जुड़े भुगतान तथा विभागीय देयों की स्वीकृति के अधिकार भी उन्हें प्रदान किए गए हैं। वित्त-स्थापना, आर्थिक सहायता, भूमि अधिग्रहण, धारा 80 के आवेदन, सीएम सहायता कोष, शासकीय आवास, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट, जिला पंजीयक, खाद्य आबकारी विभाग, वन अधिकार अधिनियम जैसी शाखाएँ भी उनके प्रत्यक्ष नियंत्रण में होंगी। अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भू-अभिलेख, क्रेडा, जनजातीय शाखा, परिवहन, खनिज, खेल, युवा, पुरातत्व, सहकारिता तथा श्रम विभाग सहित कई प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। अपर कलेक्टर श्री नवीन कुमार भगत को लोक सेवा गारंटी, राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना, कोविड-19 मॉनिटरिंग, व्यापार एवं उद्योग, खाद्य नागरिक आपूर्ति, भाड़ा नियंत्रण, रामलला दर्शन योजना, नवोदय केंद्रीय एकलव्य विद्यालय सहित विभिन्न कार्य दिए गए हैं। इसके अलावा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लोक बेदखली अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी, पंजीयक, लोक न्यास, भू-अर्जन अधिकारी, प्रोटोकॉल अधिकारी, अनुविभागीय कार्यालय के जनसूचना अधिकारी का कार्य सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर नेहा भेड़िया को वरिष्ठ लिपिक शाखा, परीक्षा शाखा, राहत शाखा, शिकायत शाखा, मुख्यमंत्री सचिवालय की जनचौपाल तथा कलेक्टर जनचौपाल से संबंधित सभी कार्य, ऑनलाइन सीपीग्राम,, ऑनलाइन जनशिकायत प्रणाली और आवक जावक शाखा का संचालन का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही हाथकरघा, खादी ग्रामोद्योग, रेशम प्रभाग, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड और छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड से जुड़े समस्त कार्य के प्रभार में रहेंगे।

# महासमुंद बना स्वदेशीमय : स्वदेशी संकल्प यात्रा का ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



CAIT एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकली ÷स्वदेशी संकल्प यात्रा ने आज महासमुंद को स्वदेशी उत्साह और वोकल फॉर लोकल की भावना से सराबोर हुआ। चंद्रहास चंद्राकर ने बीठोबा टॉकीज चौक से झंडी दिखाकर यात्रा का भव्य शुभारंभ किया और रथ के माध्यम से लोगों को स्वदेशी अभियान से जुड़ने की अपील मार्ग भर हुआ अभूतपूर्व स्वागत - पताका एवं पुष्पवर्षा से महक उठा महासमुंद यात्रा जैसे-जैसे महासमुंद के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ी, जगह-जगह व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों ने अद्भुत उत्साह के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया। पूरा शहर वोकल फॉर लोकलऔर सशक्त स्वदेशी के संदेश से आलोकित हो उठा। हर चौक, व्यापारिक क्षेत्र और बाजार में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विशिष्ट अतिथियों की गौरवपूर्ण उपस्थिति शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं संस्थागत पदाधिकारियों ने उपस्थिति देकर स्वदेशी आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। इनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे । चंद्रहास चंद्राकर, अध्यक्ष बीज विकास निगम,छत्तीसगढ़ शासन, जितेंद्र चंद्राकर, सचिव लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ राज्य मती हुलसी चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, भाऊ लाल साहू जी पार्षद नगर पालिका महासमुंद, गौरव चंद्राकर, अध्यक्ष कैट महासमुंद जिला, गुमान जैन महामंत्री कैट महासमुंद जिला, रमेश साहू अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ महासमुंद , देवेंद्र चंद्राकर सहकारिता प्रकोष्ठ महासमुंद, मुकेश अग्रवाल सचिन कैट महासमुंद , राकेश चंद्राकर अध्यक्ष महासमुंद बस ट्रांसपोर्ट संघ, दयाल चंद्राकर सचिन, स्टोन इंडस्ट्रियलिस्ट संगठन, अन्य जनप्रतिनिधिगण, व्यापारिक संगठन, महिला उद्यमी, युवा व्यापारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग। यात्रा ने महासमुंद के प्रमुख व्यापारिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक क्षेत्रों से गुजरते हुए व्यापक जनसंपर्क किया। यात्रा का उद्देश्य स्वदेशी के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ यह यात्रा देशभर में स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों और छोटे व्यापारियों को नई गति देने के लिए निकाली गई है। महासमुंद में हुए इस भव्य आयोजन ने यह संदेश दिया कि स्वदेशी उत्पाद अपनाना समय की आवश्यकता है, स्थानीय व्यापारियों को मजबूत कर ही राष्ट्र की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी,डिजिटल व्यापार एवं आधुनिक वाणिज्य को बढ़ावा देकर नए अवसर निर्मित किए जा सकते हैं, व्यापारियों और नागरिकों ने एकजुट होकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया और यात्रा के उद्देश्य को जोरदार समर्थन दिया, महासमुंद का यह ऐतिहासिक स्वागत न केवल यात्रा की भव्यता का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि राजधानी का व्यापारी समाज और जनता स्वदेशी अभियान को पूरे हृदय से अपनाने के लिए तैयार है।

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-114
रायपुर, शनिवार 13 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प तेजी से हो रहा साकार : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन कार्यक्रम के तहत दरभा डिवीजन कमेटी सहित विभिन्न नक्सली संगठनों से जुड़े 10 माओवादी कैडरों के आत्मसमर्पण को ऐतिहासिक और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि इनमें 6 महिला माओवादी भी शामिल हैं, जिन पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प अब केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि तेजी से साकार होती वास्तविकता बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई अब अपने निर्णायक मोड़ पर है।

### शिवराज पाटिल 90 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज



पाटिल का लंबी बीमारी के बाद महाराष्ट्र के लातूर में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटिल ने लातूर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे और लातूर में ही उनका इलाज चल रहा था। पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। बारह अक्टूबर 1935 को जन्मे पाटिल महाराष्ट्र के लातूर से सात बार सांसद रहे। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में उन्हें गृह मंत्री, रक्षा मंत्री का कार्यभार सौंपा गया था।

### भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया की आधिकारिक घोषणा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की औपचारिक



प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। परिस्थितियां बयां कर रही हैं कि 16 दिसंबर खरमास से पहले भाजपा अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि 13 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया दोपहर एक बजे से दो बजे तक भाजपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित होगी। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की मौजूदगी में नामांकन पत्र लिए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल 14 दिसम्बर को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उसी दिन प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी।

# राज्य सरकार के दो वर्ष हुए पूरेः मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने कहा- दो वर्षों में जनता का भरोसा और हुआ सशक्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्तमान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन्स में आयोजित प्रेसवार्ता में राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी गारंटियों पर विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ की जनता ने जो सेवा का अवसर दिया, उसे सरकार ने पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। दो वर्षों में जनता का भरोसा और अधिक सशक्त हुआ है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार के गठन के दूसरे ही दिन 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई। किसानों के लिए 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी जारी है, जिससे खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना एक ऐतिहासिक पहल बनी। लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है। डीबीटी के माध्यम से अब तक 22 किस्तों में 14 हजार 306 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज और वनोपज संग्राहकों के हित में तेंदूपत्ता पारिश्रमिक 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपये किया गया है। 13 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। चरणपादुका योजना पुनः प्रारंभ की गई है तथा 73 लाख गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी गई, प्रतियोगी परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर लागू हुआ और आयु सीमा में छूट दी गई। 32 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। पिछले दो वर्षों में 505 नक्सली न्यूट्रलाइज, 2386 ने आत्मसमर्पण किया और 1901 गिरफ्तार हुए। सुरक्षा के साथ-साथ विकास के जरिए बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के तहत सुदूर गांवों में राशन, आधार, आयुष्मान कार्ड, आवास, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई गई हैं। बस्तर में स्कूल पुनः शुरू हुए हैं और इको-टूरिज्म, बस्तर पंडुम तथा बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन नई पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण हेतु श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालित की जा रही है। राजिम कुंभ कल्प, बस्तर दशहरा और शक्ति पीठों के विकास को नई भव्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए 400 से अधिक सुधार किए गए हैं। सुशासन एवं अभिसरण विभाग, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, ई-ऑफिस और डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से योजनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार और उद्योग के लिए नई औद्योगिक नीति लागू की गई है। 231 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, जनविश्वास अधिनियम लागू हुआ और अब तक 7.83 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। लॉजिस्टिक पार्क, एयर कार्गो सुविधा और औद्योगिक पार्क स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी संग्रह में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,454 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण से शिक्षक संकट दूर किया गया।

# घने कोहरे की वजह से खाई में गिरी बस, 9 की मौत, 23 घायल



पायनियर संवाददाता < आंध्र प्रदेश
www.dailypioneer.com

आंध्र प्रदेश के सीतारामराजू में तड़के एक भीषण बस हादसे में नौ यात्रियों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हुए। बस चेंटूर-मरेडुमिल्ली घाट रोड पर तेज धुंध के बीच मोड़ न दिखने से गहरी खाई में गिरकर पलट गई. घायल यात्रियों में चार की हालत गंभीर बताई गई है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताते हुए राहत कार्यों की निगरानी के निर्देश दिए हैं। आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीतारामराजू जिले के चेंटूर-मरेडुमिल्ली घाट मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। धुंध और कम दृश्यता के बीच यात्रियों से भरी एक बस खाई में गिरकर पलट गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 यात्री घायल हुए हैं। हादसा सुबह करीब 4:30 बजे दुर्गा मंदिर के पास हुआ।

### बस में सवार थे 37 लोग

रिपोर्ट के मुताबिक एसपी अमित बर्दार के अनुसार बस में कुल 37 लोग सवार थे, जिनमें चालक और क्लीनर भी शामिल थे। छह यात्री सुरक्षित हैं, जबकि घायलों में चार की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बर्दार ने बताया कि घना कोहरा और घाट के तीखे मोड़ को चालक द्वारा न देख पाने के कारण हादसा हुआ. बस ऊपरी घाट मार्ग से नीचे स्थित सड़क पर उलटी अवस्था में पाई गई।

## ईओडब्ल्यू ने कोल घोटाले मामले में राकेश जैन को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



ईओडब्ल्यू की टीम ने कोल लेवी घोटाले में राकेश कुमार जैन को गिरफ्तार किया है। अवैध कोल लेवी वसूली प्रकरण में ब्यूरो में दर्ज अपराध क्रमांक 3/2024 (धारा 7, 7-ए, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा धारा 120बी, 384, 420 भादंवि.) की विवेचना के दौरान राकेश कुमार जैन को पकड़ा गया है। जाँच के दौरान यह तथ्य परिलक्षित हुआ कि आरोपी द्वारा आपराधिक षड्यंत्र के तहत फर्जी कंपनियों का जाल बिछाकर करोड़ों रुपये की लेयरिंग की गई तथा अवैध कोल वसूली की राशि को अपराध में संलिप्त आरोपियों के निर्देश पर हवाला के माध्यम से भी भेजा गया। इसके बदले आरोपी द्वारा अवैध कोल लेवी वसूली की धनराशि से कमीशन प्राप्त किया गया। विवेचना में यह भी तथ्य सामने आया है कि आरोपी द्वारा अवैध लेवी की लगभग 50 करोड़ से अधिक की राशि को फर्जी कंपनियों के माध्यम से काल्पनिक, फर्जी खर्चों के नाम पर ट्रांजेक्शन कराकर, उसे नकद (कैश) में निकालकर कोल लेवी घोटाले के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी तक पहुंचाया गया।

## पवन खेड़ा को सोशल मीडिया पोस्ट पर मानहानि का 100 करोड़ रुपये का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता और पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा को सोशल मीडिया 'एक्स' पर उनकी एक पोस्ट के



लिए 100 करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भेजा गया है। खेड़ा ने यह पोस्ट किया था। यह कानूनी नोटिस द स्टेट्समैन लिमिटेड के चेयरमैन और समाचार एजेंसी यूएनआई के निदेशक आर पी गुप्ता की ओर से भेजा गया है। खेड़ा ने अपने विवादास्पद पोस्ट में यह संकेत दिया है कि देश के 'सबसे ऊंचे पद' पर बैठे किसी व्यक्ति ने गुप्ता को एक मीडिया कंपनी हासिल करने में मदद की है। गुप्ता के वकीलों ने कड़े शब्दों वाले इस नोटिस में कांग्रेस प्रवक्ता के इस पोस्ट को ' सरासर झूठा आक्षेप ' बताया है।

## स्थायी न्यायाधीश बने जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में उन्हें चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने न्यायालय कक्ष में शपथ दिलाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा 11 दिसंबर को जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किए जाने हेतु अधिसूचना जारी की गई थी। उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाधिवक्ता विवेक शर्मा, अधिवक्तागण एवं अन्य अधिवक्तागण, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक अकादमी एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकार ने दी कोयले का निर्यात करने की मंजूरी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ते हुए इसके निर्यात को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने कोयले के निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग हेतु नीलामी नीति (कोल सेतु) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'कोल सेतु विंडो' नामक एक नयी विंडो बनाई गई है, जिससे कोयले का उपयोग किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए किया जा सकेगा। यह नयी नीति सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए दीर्घकालिक आधार पर नीलामी हेतु कोयला लिंकेज का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में कोल सेतु नामक एक अलग विंडो जोड़ी गयी है जिसमें कोयले की आवश्यकता वाले कोई भी घरेलू खरीदार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय संसाधन उद्योगों (एनआरएस) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की मौजूदा नीति के तहत सीमेंट, इस्पात (कोकिंग), स्पंज आयरन, एल्युमीनियम और अन्य (उर्वरक (यूरिया) को छोड़कर) सहित सभी नए कोयला लिंकेज का आवंटन एनआरएस को नीलामी के आधार पर किया जाएगा। वर्तमान एनआरएस लिंकेज नीति के अनुसार, उप-क्षेत्र केवल निर्दिष्ट अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस विंडो के तहत प्राप्त कोयला लिंकेज का उपयोग स्वयं के उपभोग, कोयले के निर्यात या देश में पुनर्विक्रय को छोड़कर किसी अन्य उददेश्य (कोयले की धुलाई सहित) के लिए किया जा सकता है। कोयला लिंकेज धारक अपनी कोयला लिंकेज मात्रा के 50 प्रतिशत तक कोयले का निर्यात करने के पात्र होंगे। कोयला लिंकेज धारक इस विंडो के तहत प्राप्त कोयले का उपयोग अपनी समूह कंपनियों के बीच आवश्यकतानुसार लचीले ढंग से कर सकते हैं। भविष्य में धुले हुए कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए वाशरी संचालकों को दिए गए कोयला लिंकेज से देश में धुले हुए कोयले की उपलब्धता बढ़ेगी और परिणामस्वरूप आयात कम होगा।

## पीएम मोदी की तीन देशों की यात्रा के दौरान संबंधों की समीक्षा के साथ-साथ सहयोग के अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर की संभावना



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की 15 दिसम्बर से शुरू होने वाली चार दिन की यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने पर चर्चा होगी तथा साथ ही अनेक क्षेत्रों में समझौतों तथा समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय में सचिव (दक्षिण) डा.नीना मल्होत्रा और अरूण कुमार चटर्जी, सचिव (कांसुलर, पासपोर्ट, वीज़ा और प्रवासी भारतीय मामले) ने विशेष ब्रीफिंग में तीनों देशों की यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि ओमान से भारत को वायु सेना के जगुआर विमानों के लिए कलपुर्जों की आपूर्ति शीघ्र होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत गाजा में शांति योजना का समर्थन करता है और वहां स्थायी शांति की बहाली का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है और इसके जल्द अंजाम तक पहुंचने की संभावना है।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का लिया निर्णय




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 17 दिसंबर तक चलेगा। सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक राजीव भवन में हुई। इसमें विधानसभा सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई। इस बैठक में सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का कांग्रेस ने बहिष्कार करने का फैसला लिया है। बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बताया कि विपक्ष ने सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि विजन 2047 में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं है। विजन के नाम पर हमें दूरबीन से दिखाया जा रहा है। चरण दास ने कहा कि 2047 के विजन में किराए से दिखाए हुए सपने हैं। इसमें छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू नहीं है। 2047 के विजन में छत्तीसगढ़ की बासी की खुशबू नहीं है। 2047 का विजन उद्योपतियों साथियों के लिए बनाया गया विजन है। ऐसे विजन पर आधारित चर्चा का हम बहिष्कार करते हैं। यह देश का अमृतकाल नहीं भ्रमितकाल है। बता दें कि 14 दिसंबर से 17 दिसंबर तक विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित है। सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होंगी। 628 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई है। इसमें 333 तारांकित प्रश्न और 295 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। 99.17 प्रतिशत प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। 48 ध्यानाकर्षण होगा। एक लोक महत्व के विषय पर चर्चा होगी।

## किसानों की आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, यह अमानवीय होगा : शिवराज सिंह

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि यह 'अमानवीय' होगा। पंजाब से आम आदमी पार्टी के संत बलबीर सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न में पूछा था कि पिछले 15 साल में देश में कितने किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने उसका राज्यवार विवरण भी मांगा था। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि एक भी आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण कई बार अलग-अलग पेशों में काम करने वाले आत्महत्या करते हैं। उन्होंने कहा, किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हरसंभव प्रयत्न कर रहे हैं। मैं आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। वह अमानवीय होगा क्योंकि तब कितनी होती थी, अब कितनी होती है यह कहना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। लेकिन हमारा संकल्प है कि एक-एक व्यक्ति मानवीय गरिमा के साथ अपना जीवन जिये और उसमें हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आत्महत्या के कई कारण होते हैं, कई बार विद्यार्थी भी कर लेते हैं, पेशेवर भी कर लेते हैं, व्यापारी भी कर लेते हैं, गृहिणियां भी कर लेती हैं।

## कफ सिरप की तस्करी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कई शहरों में हुई छापेमारी

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिंडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागज़ात अपने कब्जे में ले गए। आलोक प्रताप सिंह इस समय एसटीएफ की हिरासत में है। उधर, इसी मामले में एक दिन पहले पुलिस ने भगोड़े चल रहे दीपक मनवानी के दो साथियों सूरज मिश्रा और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। मनवानी को 11 अक्टूबर को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन सिरप, टैबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था।

### मुख्यमंत्री साय ने स्व सहायता समूह को 7 करोड़ 78 लाख रुपए की राशि का चेक वितरण किया

# कबीरधाम जिला विकास के नए युग में कर रहा प्रवेश : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण स्थल पर शिला स्थापना कर जिले को एक ऐतिहासिक सौगात दी। इसके साथ ही चिकित्सा सुविधाओं के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिला स्थापना के साथ ही कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य मानचित्र में विकास का नया अध्याय जुड़ गया है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले का स्वास्थ्यगत ढांचा और अधिक मजबूत होगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ सुदृढ़ होंगी और आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ अब स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मांग पर कवर्धा में पंचमुखी बूढ़ा महादेव रिवर फ्रंट निर्माण और रवेली में महाविद्यालय की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले में नए शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन के शिला-स्थापना कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए जिलेवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार बनने के बाद सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों में 10 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए और वर्तमान सरकार ने केवल दो वर्षों में 5 नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज भवन का भूमि-पूजन किया था और उसी की शिला-स्थापना संपन्न हुई है। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूर्ण होने से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कवर्धा के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिली है। सीटी स्कैन और क्रिटिकल केयर यूनिट जैसी सुविधाओं की स्थापना से इलाज और सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि हम जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 नवंबर को प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर आए थे, जहां उन्होंने नए विधानसभा भवन एवं ट्राइबल म्यूजियम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय जनजातीय शौर्य और महापुरुषों के बलिदान की स्मृतियों से समृद्ध है, जिसे सभी को अवश्य देखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मोदी की गारंटी के अनुसार सभी कार्य समय पर पूरे किए जा रहे हैं। किसानों की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल पर की जा रही है। राम लला दर्शन योजना तथा तेंदूपत्ता की दर 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपए मानक बोरा करने जैसे निर्णय किसानों और वनांचल के हित में उठाए गए कदम हैं।

## डीजीसीए ने इंडिगो संकट मामले में चार अधिकारियों को किया बर्खास्त

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है। डीजीसीए के जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिये गये हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जायेंगे। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गयी है। उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट प्रियम कौशिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रदद की गईं जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है। इसका असर अब तक देखा जा रहा है क्योंकि सरकार के दूरी के हिसाब से अधिकतम हवाई किराया तय करने के बाद भी टिकट के दाम आसमान छू रहे हैं। सबसे बुरा हाल 05 दिसंबर को रहा जब इंडिगो की 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। सरकार ने इस संकट की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति बनायी है।

## संपादकीय

### एसआईआर
## अफरा-तफरी को लेकर चुनाव आयोग हुआ गंभीर

लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष बनी रहनी चाहिए और साथ में इसके लिए मतदाताओं की विश्वसनीयता भी उतनी जरूरी है। ऐसा इसलिए कि चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी निर्णायक और अहम होती है। इस प्रक्रिया को लेकर हंगामा मचा हुआ है और प्रक्रिया की तेजी से कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं। नतीजा यह है कि निचले स्तर पर भारी दबाव  दबाव  इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर पड़ रहा है। कई बूथ स्तरीय अधिकारियों में अफरा-तफरी है और तनाव भी घर कर गया है। इनका कार्य मतदाता सूचियों को अपडेट करना है। पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यों में कम समय में अधिक काम के दबाव के चलते कुछ बीएलओ के मरने व आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। आरोप है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों द्वारा भी उन्हें परेशान किए जाने का आरोप है। हालांकि, इस अव्यवस्था के चलते ही चुनाव आयोग ने अब एसआईआर के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया है। लेकिन कहना कठिन है कि इस कदम से बीएलओ का तनाव कम करने या विभिन्न हितधारकों की आशंकाओं को दूर करने में कोई खास मदद मिल सकेगी। कहा जा रहा है कि एक माह पहले शुरू हुई राष्ट्रव्यापी एसआईआर प्रक्रिया में कई तरह की बाधाएं आ रही हैं। इस प्रक्रिया में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जो तकरीबन भारतीय आबादी का एक-तिहाई से भी ज्यादा। उनकी शिनाख्त से जुड़ी जानकारी को एक निश्चित समय सीमा में प्रमाणित कर पाना आसान नहीं है। कहा जा रहा है कि निर्धारित समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। तीन महीने की अवधि में गणना प्रपत्रों का वितरण, उसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन और फिर अंतिम मतदाता सूची जारी करना आसान काम नहीं है। बहुत तेजी से काम को अंजाम देने का जिम्मा अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि  स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनावों के लिए यह प्रक्रि या बेहद जरूरी है। ऐसे में अहम सवाल है कि आनन-फानन प्रक्रि या की खानापूर्ति नही हो सकती। इसके लिए इतना समय चाहिए कि उचित ढंग से अभियान को पूरा किया जा सके।  यही बात बीएलओ के लिए भी लागू होती है, ताकि वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव वाले मतदाताओं का डेटा संकलित करने के लिए बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ मिलकर सुचारु रूप से काम कर सकें। यदि एसआईआर की प्रक्रिया किसी विवाद में उलझी रहती है तो इस अभियान का उद्देश्य ही विफल हो सकता है। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया के घटनाक्रमों से मिले सबक को अन्य राज्यों में इस प्रक्रिया के दौरान याद रखा जाना चाहिए। निस्संदेह, स्तरहीन व संदिग्ध एसआईआर हमारे चुनावी लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचा सकता है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों तथा अंडमान-निकोबार, लक्ष्यद्वीप व पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेशों में जारी है। अधिकारियों का आरोप है कि अतिरिक्त कार्य-दबाव का उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। वहीं चुनाव आयोग का आरोप है कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रक्रिया की निष्पक्षता व पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। वैसे यदि वास्तव में बीएलओ पर अतिरिक्त दबाव है तो चुनाव आयोग को इस मुद्दे का समाधान संवेदनशील ढंग से करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर मतदाता पहचान से जुड़े प्रमाणपत्रों को जुटाने में आ रही परेशानियों के चलते लोग भी बीएलओ पर दबाव बनाते हैं। कई राज्यों में बीएलओ संगठनों ने प्रदर्शन करके अधिक समय दिए जाने की मांग भी की है। अंततः मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए समयसीमा बढ़ा दी है।

# यूपी में अवैध घुसपैठ पर कड़ा प्रहार

कांतिलाल मांडोत

उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या लंबे समय से आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य के 17 प्रमुख नगर निकायों को तुरंत प्रभाव से व्यापक सत्यापन और सूचीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मानना है कि अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने वाले लोगों की उपस्थिति न सिर्फ सुरक्षा जोखिम बढ़ाती है, बल्कि कई बार अपराध, जालसाजी, फर्जी पहचान और संसाधनों पर असमान दबाव जैसे खतरे भी उत्पन्न करती है। इसी वजह से प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा यह अभियान निर्णायक कदम माना जा रहा है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियां क्यों चिंता का विषय है ?पिछले एक दशक में देश के कई राज्यों में अवैध प्रवासियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। कई बार ये लोग फर्जी कागज़ात के सहारे नागरिक सुविधाएं प्राप्त कर लेते हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में आश्रय भी बना लेते हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने पहले भी रिपोर्ट दी है कि विभिन्न मामलों में अवैध घुसपैठिए आपराधिक गतिविधियों, मानव तस्करी और फर्जी दस्तावेज़ बनवाने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश, खासकर पश्चिमी यूपी, काशी क्षेत्र और आगरा-मथुरा बेल्ट में उनका सत्यापन बेहद आवश्यक हो गया है। सरकार का निर्णय सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के व्यापक उद्देश्य से जुड़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर आयुक्तों, डीएम, कमिश्नर और रेंज के आईजी को स्पष्ट आदेश दिया है कि अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की एक संगठित सूची तैयार की जाए और उसे तत्काल पुलिस तथा खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाए। यह सूची दो चरणों में तैयार की जानी है। प्राथमिक सत्यापन जहां व्यक्ति की पहचान, निवास स्थान और दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। गहन जांच एवं कार्रवाई होगी। इसमें पुलिस व खुफिया विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि संबंधित व्यक्ति देश का वैध नागरिक नहीं है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो। सरकार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य न केवल घुसपैठ पर रोक लगाना है, बल्कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को नए स्तर पर मजबूत करना भी है। सफाईकर्मी के रूप में संदिग्ध पहचान एक महत्वपूर्ण कारण है। नगर निकायों के पास मौजूद रिकॉर्ड के अनुसार, बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों की नियुक्ति पिछले वर्षों में ठेके के माध्यम से हुई है। कई बार ठेका एजेंसियां श्रमिकों के कागजात की गहराई से जांच नहीं करतीं, जिसके चलते कुछ संदिग्ध लोग भी सफाईकर्मी के रूप में नौकरी पा जाते हैं। क्योंकि सफाईकर्मी शहर के हर इलाके में आते-




जाते हैं और कई महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंच रखते हैं, इसलिए सुरक्षा एजेंसियों ने इस श्रेणी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई है।

आगरा में अभियान की शुरुआत 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन किया जा रहा है। आगरा नगर निगम ने इस सरकारी निर्देश पर सबसे तेज़ कार्रवाई करते हुए 5000 से अधिक सफाईकर्मियों की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्येक सफाईकर्मी का पूरा डेटा, फोटो सहित, पुलिस को सौंपा गया है। स्थानीय थानों में विशेष टीमें बनाई गई हैं जो 15 दिनों में सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेंगी। जिन लोगों के दस्तावेजों में असंगतियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कदम न सिर्फ सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है, बल्कि शहर की प्रशासनिक पारदर्शिता को भी मजबूत करेगा। 17 नगर निकायों में एक साथ अभियान का विस्तारकिया गया है। सरकार ने जिन 17 निकायों को निर्देश भेजे हैं, उनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गाज़ियाबाद, आगरा, अलीगढ़, सहारनपुर समेत सभी बड़े शहर शामिल हैं। इन शहरों में प्रवासन दर अधिक है और कुछ स्थानों पर पहले भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली है। उम्मीद है कि इन नगर निकायों में अगले दो सप्ताह में सभी सफाईकर्मियों, अस्थायी मजदूरों और किराएदारों की पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोरदिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर केंद्रित है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ अनावश्यक दुर्व्यवहार न हो। सभी जांच निष्पक्ष और दस्तावेज़ आधारित हों। जहां भी संदेह हो, पुलिस व स्थानीय निकाय संयुक्त रूप से निर्णय लें। सरकार ने प्रत्येक निकाय को 15 दिन की समयसीमा दी है ताकि कार्रवाई तेज़ी से और प्रभावी तरीके से पूरी हो सके। अभियान के माध्यम से मिलने वाले व्यापक लाभ को गौण नही समझा जा सकता है।

आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी

अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित आपराधिक गतिविधियों का खतरा कम होगा। नगर निकायों की कार्यप्रणाली पारदर्शी बनेगी। सभी कर्मचारियों का प्रामाणिक डेटा तैयार होने से भविष्य में फर्जी नियुक्तियों और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी। कानून-व्यवस्था में सुधार जिन शहरों में अवैध प्रवासी अधिक संख्या में रहते हैं, वहां अपराधों में अचानक वृद्धि देखी जाती है। सत्यापन से यह प्रभाव कम होगा। राष्ट्रीय हित और सुरक्षा को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता है। यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों के अनुरूप है, जहां देश की सीमाओं के भीतर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान स्पष्ट और प्रमाणित होनी चाहिए। स्थानीय समाज में विश्वास बढ़ेगा। नागरिकों को यह भरोसा मिलेगा कि सरकार उनके हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चुनौतियां भी कम नहीं है। हालांकि सरकार के इस कदम की व्यापक सराहना हो रही है, लेकिन चुनौतीपूर्ण पहलू भी मौजूद हैं।

कई अवैध घुसपैठिए फर्जी पहचान पत्र बना चुके हैं। कई लोग ठेका एजेंसियों के माध्यम से वर्षों से कार्यरत हैं, जिससे उनकी जांच और कठिन हो जाती है। सत्यापन के दौरान राजनीतिक और सामाजिक दबाव भी सामने आ सकते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद सरकार का रुख साफ है। कानून व्यवस्था सर्वोपरि, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ शुरू किया गया यह तेज़ और व्यापक अभियान प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को एक नए स्तर पर मजबूत करने वाला कदम है। अवैध घुसपैठ लंबे समय से देश की एक गंभीर समस्या रही है, जिसका समाधान तभी संभव है जब राज्य स्तर पर ठोस और नियमित सत्यापन की व्यवस्था हो। सफाईकर्मियों से लेकर अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों तक, हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करना न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है, बल्कि यह राष्ट्रीय हित में भी है। आगरा में 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन इसका प्रारंभिक नमूना है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में माहौल अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और व्यवस्थित होगा। सरकार का यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का राज ही सर्वोच्च रहेगा।

# बंगाल में उभरते हिंदू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

ललित गर्ग

**पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है- जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए।**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी



की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। ''गजवा हिंद'' के प्रलापों के प्रतिकार में ''भगवा हिंद'' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि ''यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी'' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि ''राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा'' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा। इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है। फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है। न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है।

## आप की बात

### एसआईआर की तारीख बढ़ाने का फैसला स्वागतयोग्य

एसआई आर की तारीख बढ़ाने का भारत निर्वाचन आयोग का फैसला काबिलेतारीफ है क्यों कि अभी भी बहुत से मतदाता ऐसे है जिनके एसआई आर फार्म भर नहीं पाए है या फिर किसी कारणवश वह अपने आवास पर नहीं हैं। बीएलओ की मेहनत रंग ला रही है। धीरे-धीरे एसआई आर का कार्य पूरा हो रहा है। कुछ लोग ही शेष है जिनका भी फार्म जल्द ही भर जाएगा। इसमें बीएलओ की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। बीएलओ ने पूरी ईमानदारी के साथ वार्डों के पार्षदों या फिर जिम्मेदार नागरिक के साथ आवासों पर पहुंच कर पहले फार्म का वितरण फिर एक-एक फार्म को एकत्रित करने का सफल प्रयास किया है। आयोग के इस फैसले ने जहां प्रक्रि या को लेकर संदेह था उसे सुधारने का प्रयास किया है।

**अजय पाल, मोहनलाल गंज**

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों को एक अत्याधुनिक और डिजिटल-फर्स्ट अनुभव प्रदान करने जा रहा है। हर यात्री को एक तनावमुक्त, सुगम और अत्याधुनिक यात्रा अनुभव मिले। यह एयरपोर्ट भविष्य की यात्रा जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जहां तकनीक यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। एयरपोर्ट पर ऐसी आधुनिक तकनीकें लगाई जा रही हैं, जो यात्रा को तेज और सहज बनाएंगी। यात्री स्वयं ही सेल्फ बैग-ड्रॉप मशीनों के माध्यम से अपना सामान जमा कर सकेंगे, जिससे लंबी कतारों में लगने की जरूरत कम होगी। इसी तरह सेल्फ बोर्डिंग गेट्स के जरिए बोर्डिंग प्रक्रिया और अधिक तेज़ और सुविधाजनक की जा रही है। एयरपोर्ट के सभी गेट डिगी यात्रा सुविधा से लैस होंगे, जिसमें बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के माध्यम से यात्रियों को बिना किसी दस्तावेज दिखाए तेजी से प्रवेश और बोर्डिंग की सुविधा मिलेगी।

**राहुल सिंह, गाजियाबाद**

### ट्रैफिक पुलिस ने बढ़ा दी शहर की रफ्तार

शहर के प्रमुख चौराहा हजरतगंज, राजड्डावन, वायरलेस चौराहा और आईटी कॉलेज चौराहे के पास लगने वाले लंबा-लंबा जाम से ट्रैफिक पुलिस अफसरों ने अब निजात दिला दी है। जहां चौराहों पर आधा-आधा घंटा आगे बढ़ने के लिए इंतजार करना पड़ता था, अब वहां फर्राटा ड्डारते हुए वाहन जा रहे है। इसके लिए ट्रैफिक अफसरों ने एक योजना बनाकर चौराहों पर बैरीकैटिंग करके कुछ दूरी से टर्निंग देकर जाम से निजात दिलाया है। जिसकी अब शहर वासी प्रशंसा कर रहे है। वही अब ट्रैफिक अफसर शहर के कई उन चौराहों को चिन्हित कर रहे हैं जहां लंबा-लंबा जाम अब ड्डी लगा रहता है।

**जय सैनी फर्नीचर कारोबारी**
**गीतापल्ली लखनऊ**

### रिंग रोड़ से मायापुरी कॉलोनी का सफर हो गया है दुश्वार

रिंग रोड़ से दो किलोमीटर दूर मायापुरी कॉलोनी में लोगों को चलन दूभर हो गया है। जहां हजारों की संख्या में आबादी रहती है। मायापुरी, अतरौली व जहिरापुर में रहने वाले लोग कई वर्षो से परेशानी से जूझ रहे है लेकिन नगर निगम, पार्षद और विधायक अनजान बने हुए है। जरा से बारिश में घुटने तक पानी सड़कों पर ड्डार जाता है। इलाकों में न नाली, न जल निकास, न प्रकाश की व्यवस्था और न ही सड़क। ऐसी तमाम परेशानी से जूझ रहे इन इलाकों के लोग आए दिन माननीयों के आवास पर जाकर प्रार्थना पत्र देते है लेकिन अड्डी तक परेशानी से निजात नहीं मिल सकी है।

**संदीप कुमार मैटेरियल कारोबारी**
**मायापुरी कॉलोनी गुडम्बा लखनऊ**

### समस्याओं से पार पाना आसान नहीं पर समाधान तो जरूरी है

तमाम दावों के विपरीत लखनऊ के मुख्य मार्गों को छोड़ दें तो ज्यादातर इलाकों में सड़कों की हालत बिगड़ी तो सुधारने का कोई प्रयास भी नहीं हुआ। कुर्रमनगर के कल्याणपुर इलाके में कालोनियों के अंदर जहां जगह-जगह सड़क पर गड्ढे हो गए हैं वहीं मरम्मत न होने की दशा में सड़कों की हालत और खराब होती जा रही है। आए दिन दुर्घटनाएं यहां आम हो गई हैं. इस बाबत जब भी पार्षदों से संपर्क  की कोशिश की जाती है तो वे उपलब्ध भी नहीं होते। इसके अलावा कई क्षेत्रों में सफाई अभियान भी सरकारी तंत्र को मुंह चिढ़ा रही हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि निचले स्तर पर जवाबदेह बनाने की जरूरत है। त्क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और इसके लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने की भी जरीरत है। साथ पा,र्दों को लेकर भी जनता में व्याप्त असंतोष का भी हल निकालना होगा ताकि आम आदमी बोवजह की भागादौड़ी से बच सके।

**लल्लन सिंहस लखनऊ**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# महापौर ने किया सीसी रोड और यात्री प्रतिक्षालय भूमिपूजन

## विधायक और सांसद निधि से स्वीकृति हुए कार्यों से होगा विकास

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 43 के शिकारी पारा में सी.सी. रोड एवं वार्ड नं. 46 के बसंतपुर गंज मण्डी के पास यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पार्षदों तथा वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे की निधि एवं उनकी अनुशंसा तथा शासन द्वारा अधोसंरचना व शासन की विभिन्न योजना मद से स्वीकृत राशि से वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। बताया गया कि विकास कार्य की कड़ी में विधायक निधि से 5.20 लाख रुपए की लागत से शिकारी पारा में सीमेंट रोड निर्माण एवं 5 लाख रुपए की लागत से बसंतपुर गंज मण्डी के पास यात्री प्रतिक्षालय निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य पूर्ण हो जाने से वार्डवासियो को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्षदों की मांग अनुसार प्राथमिकता तय कर सभी वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है, जो आने वाले समय में धरातल पर दिखेगा।दोनो वार्ड मे अलग अलग आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, वार्ड नं. 43 की पार्षद खेमीन यादव, वार्ड नं. 46 के पार्षद हेमंत शेखर यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

# 12 साल बाद बदलेगा टर्फ, 6 करोड़ की मंजूरी, 10 से 16 फरवरी के बीच होगा टूर्नामेंट

## लंबे समय से टर्फरिप्लेसमेंट की मांग उठ रही थी, राज्य सरकार ने दी स्वीकृति



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम का एस्ट्रोटर्फ आखिरकार बदला जाएगा। 12 साल पहले लगा यह एस्ट्रोटर्फ अपनी आखिरी सांसे गिन रहा था। इसलिए नए टर्फ को लेकर कई बार मांग की गई, लंबा समय बीत जाने के बाद अब नए टर्फ के लिए राज्य शासन ने 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, टर्फ के अलावा भवन और सड़क का निर्माण भी इसी फंड से कराया जाएगा। नए एस्ट्रोटर्फ की सौगात मिलने के बाद हॉकी खिलाड़ियों में उत्साह है और इस सीजन होने वाला ऑल इंडिया टूर्नामेंट 10 फरवरी से 16 फरवरी 2026 के बीच होगा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट व अन्य काम के लिए 6 करोड़, 4 लाख 72 हजार रुपए की मंजूरी दी है। पिछले साल भी टर्फ खस्ताहाल होने के कारण हॉकी टूर्नामेंट नहीं हो पाया था। इस बार टूर्नामेंट कराने को लेकर प्रयास शुरू हुए थे, जिसमें पूर्व में यह बात सामने आई कि टूर्नामेंट इसी टर्फ पर कराया जाए या फिर दिग्विजय स्टेडियम के ग्रास ग्राउंड में इसका आयोजन किया जाए। लेकिन अब एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट की मंजूरी मिलने के बाद हॉकी संघ से जुड़े पदाधिकारियों की मानें तो फरवरी 2026 आखिर में टूर्नामेंट का आयोजन होगा।

### साल 2013 में लगा था एस्ट्रोटर्फ

राजनांदगांव में काफी समय तक ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन घास मैदान पर हुआ। इसी बीच एस्ट्रोटर्फ को लेकर मांग उठने लगी। इसके बाद साल 2013 में संस्कारधानी में एस्ट्रोटर्फ लगाया गया। इसके बाद से ऑल इंडिया टूर्नामेंट यहीं होने लगा। लेकिन टर्फका मेंटनेंस नहीं हो सका, इस कारण वह खराब होने लगा। अभी स्थिति यह है कि जगह-जगह से टर्फकाला पड़ गया है, उखड़ने लगा है। ऐसे में उस पर हॉकी खेलना खतरों से भरा है।

### लेटर भेज दिया गया है

टर्फ रिप्लेसमेंट की मंजूरी राज्य सरकार से मिल गई है। इस पर जल्द ही काम होगा। इसके अलावा इस सीजन होने वाला ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट 10 फरवरी से शुरू होगा। इसे लेकर हाई अथॉरिटी को पत्र भी लिख दिया गया है। टूर्नामेंट को लेकर भी तैयारी शुरू की जा रही है।

**फिरोज अंसारी, अध्यक्ष जिला हॉकी संघ**

# 7161.70 क्विंटल अवैध धान जब्त



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार सतर्क है। अवैध धान व्यापार की रोकथाम के लिए प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत अब तक 7161.70 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जप्त की गई उपज का कुल मूल्य 1,63,13,390 रुपये है, जो इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन किसी भी प्रकार की अनियमितता को सख्ती से रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रशासन के अनुसार, जिले में कई स्थानों पर छापामारी और निगरानी दल सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। परिवहन मार्गों, गोदामों और धान संग्रहण स्थलों पर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जबकि धान की खरीद-फरोख्त में शामिल पाए गए लोगों पर संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे हैं ।

# दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3.36 लाख की अवैध नशीली दवाइयों के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

ऑपरेशन विश्वास के तहत दुर्ग पुलिस ने एक बार फिर नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। थाना पुरानी भिलाई पुलिस ने अभियान चलाते हुए कुल 840 नग अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाइयाँ (प्रॉक्सीको-स्पास टेबलेट) बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 3,36,000 आंकी गई है। मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक दादर स्थित ईंटा भट्ठी के पास सफेद कैरी बेग में प्रतिबंधित नशीली दवाइयाँ रखकर बेच रहे हैं और युवाओं को नशे की लत में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने विधिनुसार तैयारी कर मौके पर दबिश दी और संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी में कमल किशोर उर्फ भीम पिता परमानंद चौहान, उम्र 19 वर्ष, निवासी दादर रोड भूतनाथ मंदिर के पास, चरोदा। चंद्रकांत साहू उर्फ पटवारी पिता तारण साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी संगम चौक के पीछे, चरोदा। दोनों के कब्जे से 840 नग प्रतिबंधित प्रॉक्सीको-स्पास टेबलेट, 03 मोबाइल फोन बरामद किए गए। मुख्य आरोपियों से पूछताछ के दौरान प्रतिबंधित दवा के अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों के नाम सामने आए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया। नितेश दास पिता ईशु दास, उम्र 25 वर्ष, निवासी राजीव नगर जोन-02, बीएमवाई चरोदा। मनीष राज पिता अक्षय राज, उम्र 27 वर्ष, निवासी सूरज नगर जी-केबिन चरोदा। पारस साहू पिता भगत साहू, उम्र 24 वर्ष, निवासी रामनगर शीतला पारा रायपुर। अब्दुल तसलीम पिता अब्दुल सलीम, उम्र 26 वर्ष, निवासी कबीर नगर चरोदा।

# कपड़ा शो रूम के सेल्समेन ने साढ़े 5 लाख की धोखाधड़ी की, पुलिस ने किया अरेस्ट

## सालभर पहले का मामला, आरोपी था फरार, बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कपड़ो शो रूम के कर्मचारी द्वारा धोखाधड़ी के मामले में बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सेल्समेन को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शो-रूम से तकरीबन साढ़े 5 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। इस पर सालभर पहले मामला कायम किया गया था, जिसके बाद से आरोपी सेल्समेन रोशन अहिरवार फरार चल रहा था। उसे पुलिस ने शुक्रवार को अरेस्ट कर जेल दाखिल किया गया है। टीआई एमन साहू ने बताया कि अनुपम नगर स्टेडियम के सामने क्लब फोक्स मेन्स वियर के संचालक ने सेल्समेन रोशन अहिरवार को मैनेजर के पद पर मासिक वेतन पर काम में रखा था। संचालक ने पुलिस को बताया कि रोशन अहिरवार शो रूम की खरीदी बिक्री एवं स्टाफकी संपूर्ण देखरेख व हिसाब किताब करता था। पैसों के लेनदेन बिक्री एवं जमा करने संबंधी संपूर्ण कार्य करता था, जो वॉटसअप के माध्यम से दुकान का लेनदेन का हिसाब वॉटसअप के माध्यम से देता था। वलब फोक्स वियर कंपनी के अधिकृत कर्मचारी के द्वारा राजनांदगांव शो रूम का भौतिक सत्यापन करने पर रोशन अहिरवार के द्वारा 60-70 हजार रूपये नगद, 200 नग मेन्स वियर की सामान टी-शर्ट, शर्ट, पैंट, टाउजर, बेल्ट, रूमाल मोजा कीमती करीबन 4,50,000 रुपए नहीं था। तब यह अपने एकाउंट एवं ऑडिट की जांच पड़ताल किया तो आरोपी रोशन के द्वारा 18 जुलाई 2024 के 16,000 रुपए के जमा राशि पावती में छेड़छाड़ कर 33,300 रूपये तथा 06 अगस्त 2024 को के जमा पावती रकम 1597 रूपये के आगे 1 जोड़कर उसे 11597 रुपए बनाकर रकम जमा पावती रसीद की रकम को बढ़ाया है। रोशन अहिरवार इसके फ्रेंचाईजी क्लब फोक्स गेन्स वेयर राजनांदगांव दुकान में 18,000/-रूपये मासिक वेतन पर काम करते हुए दुकान के सामान एवं बिक्री रकम लेकर भाग गया। सेवा में रहते हुए रकम, जमा पावती रसीद में हेराफेरी कर छल पूर्वक 5,50,318 रुपए की का धोखाधडी किया। है। इस पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4),316(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद 12 दिसंबर को उसकी गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा गया।

# हमर सुघघर पंडर समिति द्वारा अध्ययनरत बच्चों को किया गर्म कपड़े का वितरण

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर की एक निःस्वार्थ सेवा समिति हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला के छात्र एवं छात्राओं को कक्षा पहली से कर कक्षा 5वीं तक 54 बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर वितरण का कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के अतिथि मातृशक्ति मोतिम चतुर्वेदी पूर्व हेल्थ सुपरवाइजर, अनादि माथुर , दामिनी साहू समाज सेवी, पूनम जायसवाल वार्ड पार्षद, शीतल साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज राजहरा, संकुल समन्वयक राजमल जैन, सरस्वती यादव, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला शीला खांडेकर स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं राजेश्वरी सोनगेर, अभिलाषा भगत, सुकिरण श्रीवास्तव, धनसिंग यादव, सहायक शिक्षक केसरी बाई सफाई कर्मचारी द्रौपति साहू, बबीता साहू, सावित्रीबाई, उमा, हेमा रसोईया अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक राजमल जैन ने कहा कि सेवा समिति के द्वारा किया गया कार्य एक अनुकरणीय काम है। ठंड से बचने के लिए जो गर्म कपड़े छात्र एवं छात्राओं को दिए हैं उसके लिए शाला परिवार हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति को कोटि कोटि धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जीवन लाल साहू सदस्य शिव प्रसाद साहू, मिलाप कुर्रे, सुममता नेता, बचित्तर सिंह संधू, विकास गजभिए, रोहित साहू, भोज राम साहू, उपस्थित थे।

# ग्रीन अर्थ सिटी के पास जानलेवा गड्ढे, स्थानीय प्रशासन मौन, किसी बड़े हादसे को दे रहा है निमंत्रण

पायनियर संवाददाता < अमलेश्वर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र के ग्रीन अर्थ सिटी के पास रोड पर बनी खाई गंभीर चिंता का विषय है। जानकारी के मुताबिक, जेसीबी से नाली बनाने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। इस रोड पर हादसे पहले से ही आम हैं, और 29 नवंबर को न्यू अर्षित सिटी के पास हुए दर्दनाक हादसे में एक बच्चे की जान तक गई। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही। रोड पर जगह-जगह मिडिल कट हैं, लेकिन स्टॉपर और संकेतक की कमी से स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। लगता है प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जो किसी बड़े अनहोनी का इविटेशन दे रहा है।



# भिंभौरी क्रिकेट स्पर्धा में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत भीभौरी में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मून स्टार क्रिकेट क्लब तथा भीभौरी नगर वासियों द्वारा आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच किंग कण भिभौरी और तूफान इलेवन कंडरका के बीच खेला गया जिसमें भिभौरी की टीम विजय रही प्रतियोगिता में प्रतियोगिता का विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छावड़ा ने कहा कि खेल जहां हमें आपस में मिलजुल कर रहने और सामाजिक सौहार्द की भावना को जागृत करता है। वहीं दूसरी ओर खेल के माध्यम से कहीं ना कहीं हम अपनी संस्कृति से भी जुड़ते हैं। इस तरह के खेल के आयोजन से न केवल नगर में हर्षो उल्लास का वातावरण बना रहता है बल्कि नगर के युवा वर्ग को भी खेल के प्रति उत्साह एवं रुचि मिलती है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आयोजन कर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए जिससे लोगों में खेल के साथ-साथ अपने शारीरिक स्वास्थ्य को भी लेकर जागृति बनी रहे इस अवसर पर विगत रात्रि को नगर पंचायत भींभौरी में मून स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त नगरवासी द्वारा आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ। फाइनल मैच के रूप में किंग कर्ण भींभौरी और तूफान इलेवन कंड्रका के बीच खेला गया जिसमें भींभौरी की टीम विजयी रही विजेता टीम को हार्दिक शुभकामनाए समापन समारोह में हमारे साथ नगर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। समिति के सदस्य शैलेन्द्र सोनी, देवेंदर परगनिहा, डिगेश्वर साहू, झूमक धीवर पार्षद नरेंद्र धीवर, प्रकाश यादव, जितेंद्र धीवर, विक्की साहू चमन साहू, शंकर साहू, अभिजीत परगनिहा चंद्रविजय धीवर, राजेंद्र वर्मा, रामगोपाल धीवर, सुखराम धीवर, उत्कल धीवर, प्रेमलाल साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज की रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक – 270 से अधिक दोषमुक्ति प्रकरणों का विश्लेषण, विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की व्यापक समीक्षा बैठक पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों के 270 से अधिक प्रकरणों की बारीकी से जांच-परख की गई। बैठक में महिला एवं बाल अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या एवं हत्या के प्रयास, एनडीपीएस सहित विभिन्न गम्भीर मामलों में दोषमुक्ति के प्रमुख कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट कहा कि दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने के लिए विवेचना की गुणवत्ता में सुधार और अभियोजन से समयबद्ध समन्वय बेहद आवश्यक है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को ठोस दिशा-निर्देश जारी किए गए। आईजी गर्ग ने कहा कि समाज में भय का वातावरण पैदा करने वाले आदतन अपराधियों पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई प्राथमिकता के साथ की जाए। जिन आरोपियों को जमानत का लाभ मिल चुका है और वे दुबारा आपराधिक गतिविधियों में पाए जा रहे हैं, उनके जमानत निरस्तीकरण के लिए न्यायालय में शीघ्र पहल करने के निर्देश दिए गए। ऐसे व्यक्तियों पर सतत निगरानी, नियमित रिपोर्टिंग और थानों के स्तर पर मजबूत डाक्यूमेंटेशन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अभियोजन विभाग और पुलिस अधिकारियों की सक्रिय मौजूदगी रही। इनमें प्रमुख रूप से–संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव, उप निदेशक अभियोजन बालोद अनुरेखा सिंह, उप निदेशक अभियोजन बेमेतरा आशीष कुमार सिन्हा, लोक अभियोजन विनय अग्रवाल, सुनील चौरसिया, पुलिस अधिकारी अति. पुलिस अधीक्षक पदमश्री तंवर, ज्योति सिंह, मोनिका ठाकुर, डीएसपी शिल्पा साहू, उपनिरीक्षक राम कुमार प्रधान, डीईओ तेजस्वी गौतम, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस और अभियोजन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने, साक्ष्यों के वैज्ञानिक संकलन, केस डायरी की गुणवत्ता बढ़ाने तथा न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए ठोस रणनीतियाँ तय की गईं। दुर्ग रेंज में अपराध नियंत्रण तथा दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने के संदर्भ में यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# तीन हत्याओं ने खोली तांत्रिक खेल की पोलः धर्म स्तंभ काउंसिल का बयान 'अंधविश्वास से बड़ा कोई दानव नहीं

## महान सनातन वैष्णव परंपरा में तंत्र मंत्र टोने टोटके का स्थान नहीं भक्ति ही एक मात्र मार्ग : डॉ सौरव निर्वाणी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कोरबा में तंत्र-मंत्र के बहकावे में तीन लोगों की हुई निर्मम हत्या ने पूरे छत्तीसगढ़ को हिलाकर रख दिया है। धर्म स्तंभ काउंसिल इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे अंधविश्वास, तांत्रिक कुप्रथाओं और धन-लालसा पर आधारित अपराध का भयावह उदाहरण बताता है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि आज भी समाज में कुछ लोग धन-वर्षा, चमत्कार और गुप्त तांत्रिक शक्ति जैसी बातों के जाल में फँस रहे हैं, जिसका परिणाम सीधा-सीधा हिंसा और मृत्यु के रूप में सामने आता है। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा–सनातन धर्म में भक्ति, साधना, सत्य और ज्ञान सर्वोपरि हैं। धन-वर्षा, तंत्र-कर्म और गुप्त शक्तियों के नाम पर किया जाने वाला कोई भी कर्म धर्म नहीं, बल्कि अधर्म हैऔर ग़ैर वैज्ञानिक है, सरकार द्वारा छापे गए नोट को बाज़ार में लाने की एक प्रक्रिया है किन नंबर की वर्षा होगी, अगर हुई तो वो कहाँ से सीधे आ सकते हैं यह सामान्य समझ की बात है, कोरबा की यह घटना समाज के लिए कठोर चेतावनी है कि अंधविश्वास और तांत्रिक ढोंगियों पर विश्वास करना सीधे मृत्यु के द्वार पर ले जाता है। धर्म स्तंभ काउंसिल तांत्रिक कुप्रथाओं के विरुद्ध प्रदेश-व्यापी जागरण अभियान छेड़ेगा। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए। डॉ. निर्वाणी ने आगे कहा कि सनातन में भगवान भक्ति से मिलते हैं, हिंसा और काले जादू तंत्र से नहीं, समाज को जागृत होना होगा, वरना ऐसे अपराध दोबारा होते रहेंगे। राम जानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा के महंत सुरेन्द्र दास जी ने घटना की गहरी निंदा करते हुए कहा कि यह घोर अधर्म है कि किसी मनुष्य को तंत्र-मंत्र के नाम पर मार डालने जैसी कुत्सित मानसिकता समाज में जगह बना रही है। सनातन धर्म स्पष्टतः कहता है–'अहिंसा परमो धर्मः'। कोई भी साधु, महंत या गुरु कभी ऐसे कर्मों को प्रोत्साहित नहीं कर सकता। यह काला-जादू नहीं, बल्कि क्रूर अपराध है। हम जनता से आग्रह करते हैं कि किसी भी तांत्रिक, झूठे बाबा या चमत्कार दिखाने वाले व्यक्ति से दूरी बनाए रखें और तुरंत उसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दें। महंत ने कहा कि सच्चा धर्म व्यक्ति को प्रकाश देता है, अंधकार नहीं। समाज को भक्ति, सेवा और सदाचार से ही शांति मिलेगी। धर्म स्तंभ काउंसिल जल्द ही प्रदेश में तंत्र मंत्र जादू टोना टोटका के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाएगा, जिसमें मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं और युवाओं के लिए सुरक्षा-संवेदना सभाएँ, सोशल मीडिया पर चेतना अभियान, आदि आयोजित किए जाएंगे, धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ रविन्द्र द्विवेदी ने माँग की है, दोषियों पर कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए। तांत्रिक झांसे और काला-जादू करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाए। प्रशासन गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाए उन्होंने कहा तंत्र नहीं–चरित्र ही सनातन का मार्ग है। भक्ति और सत्य से जीवन सुधरता है, अंधविश्वास केवल विनाश लाता है।

# नगर में रात में भालू के घूमने की खबर से नगर में दहशत

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



इन दिनों नगर में रात में भालू के घूमने की खबर से नगर में दहशत का वातावरण है। बीती रात 2 बजे भालू की उपस्थिति, श्रमवीर चौक वन विभाग के ऑफिस के पास में दिखी एक व्यक्ति जो व्यक्ति दल्लीराजहरा लौट रहा था उसने अपने मोबाइल कैमरे में भालू की तस्वीर को कैद किया। इधर वन विभाग भालू के नगर में घूमने की घटना को लेकर सतर्क हो गया है विभाग द्वारा सतत सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। शहर में देर रात 2:00 बजे भालू दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। बस स्टैंड से थाने जाने वाले मुख्य मार्ग श्रमवीर चौक में एक स्थानीय युवक ने भालू को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। इसके बाद भालू वार्ड क्रमांक 23 की ओर स्थित उड़िया दफाई दिशा में जाता हुआ नजर आया। यह मार्ग दल्ली-राजहरा का व्यस्त मार्ग माना जाता है, क्योंकि इसी रोड से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड तक लोगों को आना-जाना बना रहता है । हालांकि इसके पहल दल्लीराजहरा के आउटर में भालू के आगमन की जानकारी हुई थी। पर नगरीय क्षेत्र में भालू की उपस्थिति चिंता का कारण बन गया है।

# बलरामपुर रामानुजगंज जिले का मामला: धनवार जांच नाका बना अवैध वसूली का अड्डा, पूरा रैकेट स्टिंग में पकड़ा गया

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के अंतरराज्यीय वनोपज जांच नाका धनवार में नीलगिरी लकड़ी के अवैध परिवहन का एक संगठित नेटवर्क संचालित होने का बड़ा खुलासा हुआ है। आरोप है कि नाका प्रभारी जंगल दरोगा मथुरा प्रसाद दुबे और उनके सहयोगी रोजाना लाखों रुपये की अवैध वसूली कर फर्जी परिवहन अनुज्ञा (टीपी) तैयार कर ट्रकों को सीमा पार कराते थे। यह नेटवर्क छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश और बिहार तक फैला हुआ बताया जा रहा है।

## फर्जी टीपी और रात के अवैध रूट

सूत्रों के अनुसार, लकड़ी के परिवहन के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने और मार्ग सुरक्षा उपलब्ध कराने के नाम पर लंबे समय से वसूली चल रही थी। बिना वैध टीपी वाले वाहनों को रात के अंधेरे में एक तय व्यवस्था के तहत सीमा पार कराया जाता था, ताकि किसी भी चेकिंग से बचा जा सके। नाका में सफाईकर्मी के रूप में पदस्थ सुरेश यादव खुद को वन विभाग का सिपाही बताकर लकड़ी कारोबारियों से संपर्क करता था। वह व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से सौदे तय करता था और फोनपे के जरिए मोटी रकम लेता था। इसके बदले वह अधिकारियों की मूवमेंट, चेकिंग की असली स्थिति, रुकावट वाले स्थान और वाहनों को कब-कहां से निकालना है, इसकी पूरी जानकारी देता था। अवैध भुगतान के बाद ही बिना टीपी वाले वाहनों को आगे बढ़ाया जाता था।

## स्टिंग ऑपरेशन में उजागर हुआ रैकेट

स्टिंग में इस नेटवर्क के कई पुख्ता सबूत सामने आए हैं। इनमें कॉल रिकॉर्डिंग, व्हाट्सऐप चैट,नकदी लेनदेन का विवरण, संबंधित स्क्रीनशॉट और वाहनों की लोकेशन से जुड़े प्रमाण शामिल हैं। जांच से यह भी सामने आया कि जसपुर से फर्जी टीपी की व्यवस्था करवाने की जिम्मेदारी भी सुरेश यादव के पास थी।

## उच्च अधिकारी भी संदेह के घेरे में

सूत्रों का दावा है कि वाड्रफनगर उपवन मंडलाधिकारी की भूमिका भी इस पूरे प्रकरण में संदिग्ध प्रतीत होती है। विभाग के भीतर कुछ चुनिंदा अधिकारियों के संरक्षण में यह धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा था, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा था।

## शिकायत के बाद जांच शुरू

पूरे प्रकरण के उजागर होने के बाद एक लकड़ी कारोबारी ने इसकी आधिकारिक शिकायत जिला पुलिस अधीक्षक और वन मंडलाधिकारी से की है। शिकायत के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। अब दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

धनवार नाका में खुलासे के बाद जिले और आसपास के क्षेत्रों में वर्षों से चल रही अवैध कटाई और परिवहन गतिविधियों पर वन विभाग की कार्यशैली गंभीर सवालों के घेरे में है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच के बाद किन अधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिरती है और कब तक इस अवैध सिंडिकेट को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सकेगा।

# 85 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग एवं 35 श्रवण बाधितों को मिली मशीन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांग लाभार्थियों ने पहुँचकर आवश्यक उपकरण प्राप्त किए। समापन समारोह में अतिथि विजय अग्रवाल (अध्यक्ष अग्रवाल सभा), आनंद तिवारी (सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक), बसंत अग्रवाल (समाज सेवी एवं सनातन धर्म प्रचारक), प्रमोद अग्रवाल (समाजसेवी रामनाथ भीमसेन परिवार) तथा आनंद अग्रवाल (मंडलीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच) शामिल हुए, शिविर में लगभग 200 लोगों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 120 हितग्राहियो का माप लिया गया। संस्था द्वारा करीब 85 व्यक्तियों को कृत्रिम हाथ-पैर एवं कैलिपर्स लगाए गए तथा 35 से अधिक लाभार्थियों को श्रवण (कान) मशीनें प्रदान की गईं, समापन कार्यक्रम का संचालन क्षितिज अग्रवाल द्वारा किया गया।सभी अतिथियों को मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल शाखा ने मोमेंटो दिया, जिससे इस कार्यक्रम की यादें हमेशा उनके मानस पटल पर बनी रहे,रायपुर सेंट्रल शाखा के द्वारा आए हुवे सभी दिव्यांग जनों को मिठाई का पैकेट भी दिया गया। शिविर को सफल बनाने में संयोजक गण विष्णु गोयल, पंकज अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, कमल गुप्ता, योगेश शर्मा, नवीन भूषणिया, अभिषेक अग्रवाल, आशिष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विकास तिवारी, विशाल अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, संतोष तिवारी, सत्येन्द्र अग्रवाल, विष्णुस्वरूप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, घनश्याम पोद्दार, प्रभात अग्रवाल विशेष रूप से शामिल थे। एवम संस्था पदाधिकारी अध्यक्ष नितेश अग्रवाल सचिव पुष्परंजन जैन कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल संयुक्त रूप से कहा की संस्था ने भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों के ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# विवेकानन्द महाविद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



भारत सरकार, मंत्रालय नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर एवं कार्यालय जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के तत्वाधान में 27.11.2025 से 31.12.2025 तक शैक्षणिक संस्थानों स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजन के क्रम में शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रश्मि तिवारी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ताज मोहम्मद (आउटरिच वर्कर) ने अपने व्याख्यान में बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प केवल एक सामाजिक अभियान नही, बल्कि मानवाधिकार, शिक्षा और समान अवसरों की रक्षा का आधार है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास को बाधित करता है और विशेषकर बालिकाओं के भविष्य को सीमित कर देता है। अगले क्रम में बिन्दिया खलखो के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह के उन्मूलन हेतु कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ जनजागरण, शिक्षा का प्रसार, आर्थिक सशक्तिकरण और समुदाय स्तर पर साकारात्मक सामाजिक परिवर्तन अत्यन्त आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. तिवारी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शपथ दिलाया। इस दौरान उन्होनें बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। उन्होनें यह भी बताया कि जब समाज बाल विवाह को परंपरा नही बल्कि अपराध और अन्याय के रूप में देखेगा तभी हम सचमुच एक सुरक्षित, शिक्षित और जागरूक बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण कर पायेंगे। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रामयज्ञ साहू, पंकज कुमार पैकरा तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण कमलेश पटेल, अनुपा तिग्गा, सुशील कुमार छात्रे, अतिथि व्याख्यातागण पुष्पराज सिंह, रामनिवास गुप्ता, डॉ. रेनू प्रजापति, डॉ. रामजी गर्ग एवं कार्यालयीन स्टॉफ मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनीत जॉनसन बाड़ा, बी.एल. शुक्ला, मीना त्रिपाठी, पारूल पटेल, साधना बुनकर, हेमन्त सिंह, रामखेलावन गुप्ता लडडू गोपाल रजक, कमलू सिंह मार्को, मायादेवी सिंह, प्रदीप कुमार मलिक, सतीश सोनी, पारसनाथ तिग्गा, ममता एवं भारी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# हत्या का प्रयास कर महिला के साथ लूटपाट करने वाले एक नाबालिक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



घर में महिला को अकेली पाकर धारदार हथियार से हमला कर मंगलसूत्र और टॉप्स की लूट किया गया। पुलिस थाना चांपा एवं साइबर सेल टीम की संयुक्त टीम की कार्रवाई मे रिपोर्ट के चंद्र घंटे में सभी आरोपियों को पकड़ा तथा लूटे गए आभूषणों को जप्त किया गया किया गया। आरोपियों के नाम 1- निखिल पांडेय पिता लोचन प्रसाद पांडेय उम्र 24 वर्ष निवासी विनोद गैस एजेंसी के पीछे शंकर नगर चाम्पा 2- अरुण राजपूत पिता जगन्नाथ राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासी शंकर नगर चाम्पा मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी प्रकाश देवांगन निवासी बस स्टैंड के सामने शंकर नगर चाम्पा ने दिनांक 10-12-25 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की वह घटना दिनांक को अपने रिश्तेदार के यहां छठी कार्यक्रम में जाने के लिए अपनी मां को तैयार होने बोलकर सामान लाने मार्केट गया था शाम करीबन 6:37 बजे इसकी मां ने फोन करके बताया कि वह कमरे में तैयार हो रही थी उसी समय तीन लड़के दरवाजा खोलकर अंदर आए और हत्या और लूटपाट करने की नीयत से धारदार लोहे के हथियार के इसकी मां के सिर पर प्राण घातक हमला किया चोट लगने से इसकी मां जमीन पर गिर गई सभी आरोपी इसकी मां का गला दबाकर पहने हुए मंगलसूत्र और कान के टॉप्स को लूट कर भाग गए की सूचना पर थाना चापा में तत्काल आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रयास एवं लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी चांपा को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा थाना चांपा एवं साइबर सेल से एक संयुक्त टीम बनाकर घटनास्थल की ओर रवाना किया गया टीम के द्वारा पीड़िता एवं आसपास के लोगों से पूछताछ पर निखिल नामक संदेही के बारे में पता चला पुलिस टीम के द्वारा आसपास तथा मूखबीर से सूचना मिला कि शंकर नगर का निखिल पांडेय घटना के समय प्रार्थी के मकान के आसपास घूम रहा था की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल शंकर नगर से निखिल पांडेय को घेराबंदी करके पकड़ा गया प्रारंभिक तौर पर निखिल पांडेय पुलिस टीम को गुमराह करता रहा बारीकी से पूछताछ करने पर अपने दोस्त अरुण राजपूत एवं एक अन्य नाबालिक के साथ मिलकर प्रार्थी की मां के साथ धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर पहने हुए आभूषणों की लूट करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर अलग अलग स्थान से निखिल पांडेय, अरुण राजपूत एवं एक अन्य नाबालिक को पकड़ा गया जिनके कब्जे से लूटे गए मंगलसूत्र तथा कान के एक नग टॉप्स को जप्त किया गया।

# आज लगेगी जनता की अदालत

**सक्ती।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशन एवं तत्वाधान में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल का अदालत का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा इस आयोजन के माध्यम से लोगों को सौहार्द पूर्ण समाधान की ओर प्रेरित कर रहा है। लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां सालों से लंबित विवादों का निपटारा पक्षकारों की आपसी समिति से मिनटों में हो जाता है, प्राधिकरण ने जन सामान्य से अपील की है कि वह इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं। प्राधिकरण इस लोक अदालत की सफलता के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर रहा है। दूर तो दो और कैंपेनिंग के साथ ही, गाड़ी में प्रचार प्रसार, लोक अदालत से संबंधित पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा के फेसबुक के माध्यम से भी लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दीवानी मामले, चेक बाउंस के मामले, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा और ट्रैफिक चालान सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का निराकरण किया जाएगाऐसे मामले जो अभी तक न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें प्री लिटिगेशन के माध्यम से भी निपटाया जाएगा। इनमें बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं संपत्ति कर बकाया, तथा टेलीफोन बिल जैसे विवाद शामिल है। लोक अदालत की खंडपीठ जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर, तालुका न्यायालय चांपा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़, शक्ति, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर के साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठो का गठन किया गया है।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर में ओआईसी हेल्थ स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया औचक निरीक्षण



**जैजैपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में स्वास्थ्य विभाग के ओ.आई.सी. हेल्थ प्रीतेश सिंह राजपूत द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी संचालन, इमरजेंसी सेवाएं, प्रसूति कक्ष (लेबर रूम), टीबी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, दवा भंडार, लैब सेवाएं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का गहन एवं बारीकी से परीक्षण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र भवन की समग्र स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं मरीजों को प्रदत्त सुविधाओं का अवलोकन किया गया। ओ.आई.सी. हेल्थ राजपूत द्वारा मरीज पर्चियों के आधार पर समस्त दस्तावेजों का मिलान, रजिस्टर संधारण, रिपोर्टिंग एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की विस्तार से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान केंद्र में संचालित सेवाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र सुधारने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। ओ.आई.सी. हेल्थ राजपूत ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जैजैपुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर साहू, चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, बी.ई.टी.ओ, लैब टेक्निशियन सहित अन्य विभागीय स्वास्थ्य अमले उपस्थित रहे।

# शिक्षकों का पंचायत स्तरीय सम्मान समारोह कचंदा में

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा में सरपंच के द्वारा पंचायत स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन द्वितीय रखा गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैलचित्र पर पुष्प माला पूजा अर्चना के बाद श्रीफल तोड़ने के बाद कार्यक्रम का संचालन प्रारंभ किया गया ।जहां पर सभी शिक्षक/ शिक्षकाओ का सम्मान सरपंच की टीम के द्वारा किया गया ।सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया। जहां पर शिक्षक भारी सख्या में उपस्थित हुए। उन्होंने यह कहा कि शिक्षक ही समय पर स्कूल आना एवं जाना करते हैं शिक्षक ही एकता ला सकते हैं और शिक्षक ही सभी को सही मार्ग में चलने की प्रेरणा देते हैं ।अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, सरपच पितर लाल चौहान ने कहा कि जब भी आप लोग मुझे याद करेंगे मैं आपके कार्य में हमेशा आने को तत्पर रहूंगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा के प्राचार्य पी आर कर्ष ने कहा कि माता-पिता एवं बच्चे 2 घंटे अपने साथ रहकर शिक्षा को बढ़ावा देंगे तो हम सभी अच्छे अंकों से उत्तीण हो जाएंगे। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच पितर लाल चौहान, सचिन हरि राम कुर्रे, उप सरपंच ललिता सिदार, पंचगण पूजा साहू, विष्णु सिदार, तिहारू कर्ष, जोगी चन्द्रा, त्रिभुवन यादव, गोपेन्द्र सिदार, गगाराम, गोमती महन्त, आनन्द बाई गीता सिदार, प्राचार्य पी आर कर्ष एवं संचालन महेश साहू ने किया। सरपंच के कहने पर सभी शिक्षकों ने अपने विद्यालय के छात्र को माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में अच्छे अंकों से पास कराने की बात कही।

# हनुमान धारा में लापता तीन बच्चों के शव हसदेव नदी से बरामद, घटना के बाद नगर में शोक का माहौल बना रहा

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के कुदरी बैराज हनुमान धारा में बीती शाम लापता हुए 3 बच्चों के शव हसदेव नदी से बरामद हुए हैं तीनों बच्चे स्कूल की छुट्टी होने की वजह से सुबह 10 बजे हनुमान धारा पहुंचे थे। लेकिन देर शाम तक वे घर नहीं लौटे। देर रात तक गोताखोरों की टीमें उन्हें ढूंढने में लगी रही। 26 घंटे बाद तीनों की लाश नदी से बरामद की गई है जानकारी के मुताबिक, मृतक बच्चों की पहचान- रूद्र कुमार (कक्षा 5वीं), युवराज (कक्षा 8वीं), नेल्सन (कक्षा 9वीं) के रूप में हुई। तीनों बच्चे मनका पब्लिक स्कूल के छात्र थे और एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि तीनों बच्चे एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे और बीते दिन सुबह साइकिल से घूमने निकले थे। जब शाम तक बच्चे वापस नहीं आए तो परिजनों ने तलाश शुरू की एक बच्चे के पास मोबाइल फोन था, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रहा था. मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गई तो उसका अंतिम लोकेशन हनुमान धारा नदी किनारे मिला। इसी के बाद परिजन और ग्रामीण नदी की ओर पहुंचे. शाम को स्थानीय ग्रामीणों ने नदी किनारे खड़ी तीन साइकिलें और पास में बच्चों के कपड़े व चप्पल देखे पर बच्चे कहीं नजर नहीं आए तुरंत पुलिस को सूचना दी गई चांपा पुलिस मौके पर पहुँची और बच्चों के कपड़े तथा साइकिल बरामद करके तलाशी अभियान शुरू किया।

## पुलिस, गोताखोर और नगर सेना ने की रातभर खोज

पुलिस ने तुरंत नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू करवाया स्थानीय गोताखोर, नगर सेना, और पुलिस जवानों ने मिलकर देर रात तक नदी में जाल डालकर और डाइविंग के जरिए खोजबीन की। तलाशी में मदद के लिए प्रशासन ने नदी का बहाव कम कराया, ताकि पानी शांत हो और गोताखोर गहराई तक उतर सकें। इसके बावजूद रात 12 बजे तक बच्चों का कोई पता नहीं चल सका। सुबह फिर से तीनों बच्चों की तलाश शुरू की गई, जिसमें तीनों बच्चों के शव नदी की गहराई से बरामद हुई।

# मुख्यमंत्री साय पहुंचे हसौद, सीएम साय ने कहा-दहेज प्रथा एवं फिजूल खर्ची को रोकने सरकार ने प्रारंभ की है विवाह योजना

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सक्ती जिले के ग्राम हसौद में आयोजित भव्य 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को आध्यात्मिक एकता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का अदभुत संगम बताया। उन्होंने कहा कि मां महामाया की पावन भूमि हसौद में 251 कुंडों में एक साथ सम्पन्न हो रहा यह महायज्ञ छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपरा को नई ऊंचाई देता है।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा- ÷500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ, काशी विश्वनाथ धाम का कायाकल्प हुआ। छत्तीसगढ़ तो स्वयं भगवान श्रीराम का ननिहाल है-माता कौशल्या की पावन भूमि है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों की उन्नति और कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। रामलला दर्शन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से अब तक 38 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र के 24 अक्षर 24 सिद्धियों और शक्तियों के प्रतीक हैं, जो मानव जीवन को ऊर्जा, सदाचार और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के कुलपति डॉ. चिन्मय पण्डया ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक खिलावन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, टिकेश्वर गवेल, संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, बिलासपुर संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन, आई जी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वर-वधु के परिजन उपस्थित थे। साथ ही देशभर से आए अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जैतखाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हसौद प्रवास के दौरान जैतखाम पहुँचकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, कल्याण एवं निरंतर प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा, समानता, सामाजिक समरसता तथा 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश हमें समाज में सदभाव और एकता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने जनसमूह से आह्वान किया कि इन आदर्शों को आत्मसात कर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

## 140 जोड़ें बंधे दाम्पत्य सूत्र में, मुख्यमंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सक्ती जिले के प्रवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री साय के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विकासखण्ड जैजैपुर अंतर्गत हसौद में 140 जोड़ें परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री साय ने सभी वर-वधुओं को दाम्पत्य सूत्र में बंधने पर बधाई दी और उनके सुखद जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी वर-वधुओं को अपने माता-पिता की तरह सास-ससुर का भी सम्मान करने, परेशानियों की स्थिति में संयम रखते हुए मिलकर आगे बढने तथा हर सुख -दुःख में एक दूसरे का साथ देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद और निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि शादी के समय होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके, फिजूलखर्ची और दहेज प्रथा को रोका जा सके, और सामाजिक समानता व लड़कियों के सम्मान को बढ़ावा मिले। यह योजना विवाह के लिए जरूरी घरेलू सामान और सामूहिक विवाह के खर्चों के लिए वित्तीय मदद देती है, साथ ही लड़कियों की शिक्षा और 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर जोर देती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह में राज्य सरकार द्वारा 50 हजार की राशि खर्च की जाती है। पहले यह राशि 25 हजार थी, जिसे बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। इनमें 36 हजार रुपए की उपहार और परिवहन राशि का चेक मुख्यमंत्री ने नव विवाहित जोड़ों को सौंपा। शेष राशि से वर और वधू दोनों के लिए आभूषण, श्रृंगार, वस्त्र एवं अन्य सामग्री प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक खिलावन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, टिकेश्चर गवेल, संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, बिलासपुर संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन, आई जी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वर-वधु के परिजन उपस्थित थे।

# दो साल का सुशासनः जशपुर में विकास की नई पहचान सीएम साय के नेतृत्व में जिले को मिली अभूतपूर्व सौगातें

## गरीबों को मिला पक्का मकान—मुख्यमंत्री की पहली बड़ी पहल

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्ष जशपुर जिले के लिए विकास के लिए ऐतिहासिक रहा है। 13 दिसंबर को उनके कार्यकाल के दो साल पूरे हो रहे हैं, और इस अवधि में जशपुर जिले ने विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी उपलब्धियाँ दर्ज की हैं, जिन्होंने विकास की परिभाषा को नई ऊँचाई दी है। मुख्यमंत्री के सामने चुनौतियाँ कम नहीं थीं–प्रदेश की जनता से किए वादों को पूरा करना और उनके विश्वास पर खरा उतरना। लेकिन सीएम साय ने दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व के साथ इन चुनौतियों को अवसर में बदल दिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली कैबिनेट में ही उन्होंने प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान देने के वादे को पूरा करते हुए स्वीकृति प्रदान की। जशपुर जिले में 52,760 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए, जिससे हजारों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हुआ। सीएम साय ने प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1,000 रुपए जमा करने की घोषणा को दृढ़ता से लागू किया।जशपुर जिले में 2 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में अब तक 448 करोड़ 97 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है, जिससे महिलाएँ आत्मनिर्भर बनते हुए परिवार की आर्थिक ढांचा मजबूत कर रही हैं। दो वर्षों में किसानों को ऐसी सौगातें मिलीं जिसने उनके जीवन में दोहरी खुशी ला दी–दो साल का बकाया धान बोनस भुगतान।जिले के 50 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी।पीएम किसान सम्मान निधि के तहत जिले के 123168 किसानों को 308 करोड़ 30 लाख 76 हजार रुपए का भुगतान।इन प्रयासों ने किसान परिवारों की आर्थिक स्थिरता और खेती की निरंतरता को मजबूत किया। जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए नए अत्याधुनिक चिकित्सालय भवन की स्थापना की स्वीकृति दी गई है।इससे जशपुर के मरीजों को बड़े शहरों में इलाज के लिए जाने की आवश्यकता कम होगी। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को नए संसाधन, स्टाफ और उपकरण मिले हैं, जिससे ग्रामीणों को त्वरित उपचार मिल रहा है।स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त 108 संजीवनी एक्सप्रेस,शव वाहन की व्यवस्था कराई गई। जिससे जिले वासियों को लाभ मिल रहा है। जिले में सड़कों का जाल बिछाने करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई। सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों से गांव-कस्बों की कनेक्टिविटी बेहतर हुई, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हुई।पहले दुर्गम माने जाने वाले कई क्षेत्रों तक पक्की सड़कों का विस्तार हुआ है।जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधाएं मिल रही है। जिले में कई नए विद्युत उपकेंद्रों की मंजूरी ने बिजली व्यवस्था को नई मजबूती दी है। इससे लो वोल्टेज की समस्या समाप्त होने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।गांवों तक रोशनी पहुंचाने के लिए ट्रांसफार्मर और लाइन सुधार कार्य लगातार जारी हैं। जशपुर को शिक्षा जगत में भी महत्वपूर्ण सौगातें मिलीं। जिले को दो नए महाविद्यालय की मंजूरी मिली है, जिससे स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।स्कूलों में अधोसंरचना विकास, छात्रावास भवनों के निर्माण और स्मार्ट क्लास सुविधाओं के विस्तार ने शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया है। प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए पर्यटन मद में विशेष बजट का प्रावधान किया गया है।

पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण और पहुँच मार्ग सुधार से जशपुर पर्यटन के नए मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। किसानों की मांग को देखते हुए जिले।के कई सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है,नलकूप खनन, सिंचाई योजनाएँ, एनीकट और तालाबों के निर्माण से खेतों को पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।इससे उत्पादन बढ़ेगा और किसान अधिक लाभ कमा सकेंगे।जिससे किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगे।

# कुनकुरी नगर पंचायत में गुप्त टेंडरः बीजेपी पार्षदों ने जांच नहीं कराने पर रहे एकमत, पूर्व सीएमओ पर आरोप

### कांग्रेस के दो पार्षद बैठक से रहे गायब, कई मामलों में असंतोष



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कुनकुरी नगर पंचायत की बैठक में 34 एजेंडों में दो मामलों पर अजीबो गरीब फैसला हुआ। परिषद के एजेंडा क्रमांक 33 में नगर के आम लोगों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बने हैं उसके लिए दस्तावेजी प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु परिषद द्वारा सीएमओ को अधिकार दिए जाने के संबंध में भाजपा के पार्षद विरोध में नजर में आए। परिषद की बैठक में एजेंडा क्रमांक 30 में एनआईटी क्रमांक 13 दिसंबर 24 के गोपनीय टेंडर होने के संबंध में चर्चा एवं निर्णय के संबंध में परिषद में भाजपा के सभी पार्षद गुप्त टेंडर की जांच नहीं किए जाने के संबंध में एकमत दिखे ।

**दो पार्षद लगातार गायब**

परिषद में कांग्रेस पार्टी का बहुमत होने के बावजूद एजेंडा बीजेपी के पक्ष में चला गया। एक सप्ताह पूर्व लिखित सूचना दिए जाने के बाबजूद दो पार्षद परिषद की बैठक से अनुपस्थित थे। दोनों पार्षदों के द्वारा शुक्रवार की जुम्मे की नमाज के बाद उपस्थित होने की बात कही गई थी। बैठक देर से शुरू हुई थी और बावजूद दोनों पार्षद रुकसाना बानो और पार्षद इमरान खान पूरे बैठक में वहाँ अंतिम एजेंडे तक उपस्थित नहीं हुए।

**भ्रष्टाचार का मामला दब गया**

नगर सरकार में भ्रष्टाचार के मामले में एक महत्वपूर्ण कार्यवाही बहुमत न मिलने के कारण फाइल के भीतर दब गई। भाजपा के सभी पार्षदों ने नाम ना लिखने के शर्त में बताया कि पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के दबाव के कारण उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में जांच नहीं करने के पक्ष में वोट किया। जाति प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया में तेजी लाने के दस्तावेजी अधिकार देने का विरोध किया।

**बीजेपी को भ्रस्टाचार से समस्या नहीं है : विनयशील**

अध्यक्ष विनयशील से इस विषय में प्रतिक्रिया ली गई। अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार बनने के बाद से एक सफाई कर्मचारी प्रवीण उपाध्याय को सीएमओ बना कर लाया गया था जिनके कार्यकाल में बड़े बड़े भ्रष्टाचार हुए हैं। परिषद की बैठक में सभी भाजपा पार्षदों के गुप्त टेंडर में जाँच नहीं किए जाने के पक्ष में दिए गए वोट से यह स्पष्ट हो गया की भाजपा को भ्रष्टाचार से समस्या नहीं है। बहरहाल इससे यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के दूसरे गुट के पार्षद जनहित के फैसले पर भी पार्टी लाइन के साथ नहीं खड़े होंगे और न ही उन्हें पार्टी के सिद्धांत और आदर्शों की कोई चिंता है। आगामी दिनों में जनहित के फैसलों पर अल्पमत में आए कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष विनयशील भ्रष्टाचार पर रोक कैसे लगायेंगे ये देखना दिलचस्प होगा।

# बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित होगा सिटिज़न साइंस बर्ड सर्वे 2026

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशीलके निर्देशानुसार बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में सिटिज़न साइंस बर्ड सर्वे 2026 का आयोजन 16 से 18 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस सर्वे का मुख्य उददेश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध पक्षी-विविधता का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, नागरिक वैज्ञानिकों की सहभागिता को बढ़ावा देना तथा दीर्घकालिक संरक्षण प्रयासों को सुदृढ़ करना है।प्रकृतिङ्करक्षित क्षेत्रों, घासभूमियों और वनों के मिश्रित परिदृश्य से युक्त बारनवापारा अभयारण्य इस प्रकार के अध्ययन के लिए अत्यंत उपयुक्त स्थल है। कार्यक्रम के प्रति लोगों ने अत्यधिक उत्साह दिखाया है। अब तक कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के 12 राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल) के आवेदन शामिल है।यह सहभागिता दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ की जैव-विविधता के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर रुचि तीव्र गति से बढ़ रही है और बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य एक महत्वपूर्ण संरक्षण स्थल के रूप में उभर रहा है।

# एनएसएस एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में भड़िया ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान सम्पन्न



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़िया में एनएसएस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम संपर्क एवं जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वयंसेवकों ने गांव में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक, पोस्टर अभियान और पर्चा वितरण के माध्यम से स्वच्छता, बाल विवाह रोकथाम, नशामुक्ति और अन्य सामाजिक कुरीतियों के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों, दुकानदारों और राहगीरों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न सामाजिक मुददों के बारे में जानकारी दी एवं सकारात्मक चर्चा की।

# नगरीय क्षेत्रों में दरों का किया गया युक्तियुक्तरण एवं सरलीकरण केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा नवीन गाइडलाइन जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गाइडलाइन दरों को अनुमोदित किया गया है। नवीन-गाइडलाइन दरों के तहत नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तरण और सरलीकरण किया गया है। जिला पंजीयक कार्यलय से प्राप्त जानकारी अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लागू नवीन-गाइडलाइन दरों के तहत नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तरण और सरलीकरण किया गया है। पूर्व में प्रचलित गाइडलाइन में एक ही वार्ड में कई-कई कंडिकाओं में अलग-अलग दरें अंकित थीं जिससे गाडडलाइन जटिल एवं आमजन के लिए समझने में कठिन हो गई थी। राज्य शासन के निर्देशानुसार इन अनावश्यक कंडिकाओं का युक्तियुक्तरण किया गया जिसके परिणामस्वरूप नगर पालिका बलौदाबाजार में पूर्व के 86 कंडिकाओं को कम कर 40 किया गया है। जिले के सभी नगरीय निकायों बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल, लवन एवं टुण्ड्रा में कुल 127 वार्डों के अंतर्गत पूर्व के 326 कंडिकाओं को सरलीकृत कर 230 कंडिकाएं रखा गया है। परिसीमन उपरांत बने नवीन नगर पंचायत रोहांसी को गाइडलाइन में जोड़ा गया है। नवीन गाइडलाइन पूर्व की तुलना में अधिक सरल, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। कुछ लोगों द्वारा यह गलत धारणा बनाई जा रही है कि गाइडलाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि की गई है। वास्तविकता यह है कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में अंतिम बार गाइडलाइन का पुनरीक्षण वर्ष 2018-19 में हुआ था। वर्तमान पुनरीक्षण उसी आधार वर्ष 2018-19 की दरों को लेते हुए किया गया है।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभः बंदरचुंवा से सिंगीबहार होकर जशपुर तक अब आसान होगी यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अब जिले को मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का लाभ मिलने जा रही है। इस योजना के तहत बंदरचुंवा से सिंगीबहार होते हुए जशपुर तक चलने वाली बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस नई बस सुविधा से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जशपुर जिला मुख्यालय तक आने-जाने में सुगमता मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व दैनिक आवागमन के लिए यह बस सेवा ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जनपद सदस्य अटल बिहारी साय, दोकड़ा रवि यादव, उपेंद्र नाथ साय, बंदरचुंवा के सरपंच विकास कुमार साय, जीवनन्दन साय, कल्याण प्रसाद गुप्ता, पीतांबर साय, बेलसाजर एक्का, प्रेम साय, बालकिशन राम, चंदन साय, महेश राम, ललित साय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।नई बस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। यह योजना शासन की ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने तथा दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# तापमान 10 डिग्री पर पहुंचा, शीतलहर के बीच दिनभर महसूस हो रही ठिठुरन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बुधवार को तापमान में 1 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तापमान में इस गिरावट के साथ ही शहर सहित पूरे जिले में सर्दी का असर और तेज महसूस हो रहा है। लोग अलाव, हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लेकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। शहर में जहां पिछले दिनों तापमान 12 से 11 डिग्री के बीच बना हुआ था, वहीं बुधवार को यहां भी न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। शीतलहर के कारण सुबह से ही तेज ठिठुरन महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। ऐसे में ठंड का असर पहले से ज्यादा देखने को मिलेगा। हालांकि उसके बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है, जिसके 11 से 11.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा और सुबह के समय ओस की बूंदें भी देखने को मिलेंगी। सुबह के समय चल रही शीतलहर की वजह से दोपहर में भी ठंड का अहसास बना हुआ है। पिछले दो दिनों से मौसम इसी पैटर्न पर बना हुआ है, जिससे लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने नागरिकों से सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के उचित उपाय अपनाने की अपील की है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वामी आत्मानंद स्कूल बम्हनीडीह किया निरीक्षण बच्चों को दिया जरूरी टिप्स



**जांजगीर-चांपा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा एवं क्रीड़ा अधिकारी रमेश तिवारी के द्वारा अकस्मात निरीक्षण किया गया। कक्षाओं में जाकर सभी बच्चों को ब्लूप्रिंट के आधार पर परीक्षा की तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा बच्चों से प्रश्न भी पूछे गए। परीक्षा के दौरान भी बच्चों ने उत्साह पूर्वक उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। पिछले दो वर्षों के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने से उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त की और उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य बजरंग श्रीवास से कहा कि इस वर्ष भी आपके मार्गदर्शन एवं प्रयास से आपके विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट हो एवं आपके विद्यालय के विद्यार्थी मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाने की बात कही है।

# जिंदल की जनसुनवाई के विरोध में उतरे 14 गांव के ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में बीते 8 दिसंबर को जिंदल कोयला खदान के लिए नियम विरूध हुई जनसुनवाई के विरोध में तमनार के 14 गांव के हजारों ग्रामीणों ने आज सुबह से सड़क पर उतरकर अनिश्चितकालीन आंदोलन का आगाज कर दिया है। जिससे भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के तमनार में जिंदल कोयला खदान के लिये नियम विरूध हुई जनसुनवाई के विरोध में तमनार क्षेत्र के 14 गांव के ग्रामीणों ने लिबरा के सीएचपी चौक के पास सड़क में उतरकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम शुरू कर दिया गया है। जिससे उद्योग का काम काज पूरी तरह प्रभावित हो गया है, वहीं वाहनों की लंबी कतार लग गई। आंदोलन स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गारे पेलमा सेक्टर 1 स्थापना संबंधी पर्यावरणीय जनसुनवाई 08 दिसंबर को हाई स्कूल मैदान में आयोजित था। शासन-प्रशासन के द्वारा उपस्थित जनता को धोखा देते हुए अन्यत्र स्थल पर चुपचाप ढंग से जन सुनवाई कराई गई जिसमें आम जनता को शामिल होनें से पुलिस प्रशासन के द्वारा रोका गया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों, ठेकेदारों के अलावा चुनिंदा समर्थकों को ही अपनी बात रखने की अनुमती दी गई। जिससे तमनार क्षेत्र के 14 गांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जनसुनवाई के विरोध में गांव के ग्रामीणों ने कल ज्ञापन सौंपते हुए आज से अनिश्चिकालीन आर्थिक नाकेबंदी करने की चेतावनी दी गई थी। इसी के तहत वे भारी संख्या में लिबरा के सीएचपी चैक में चक्काजाम में बैठ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जनसुनवाई निरस्त नहीं कर दी जाएगी तब तक उनका आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल के अलावा पुलिस के अधिकारी समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद है।


# आवारा कुत्तों को लेकर प्रशासन अलर्ट : सुप्रीम कोर्ट



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों के पालन में जशपुर जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सभी विभागों की भूमिका स्पष्ट करना था। जिला स्तरीय अधिकारी अधिकारियों के समन्वित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सचिव, जनपद सीईओ, विकास विस्तार अधिकारी, पशुधन विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को न्यायालय के आदेश, शासकीय परिसरों के चिन्हांकन, नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियों, नोटिस बोर्ड लगाने, फेंसिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा हेल्पलाइन 1100 पर कार्यवाही की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण में विभागीय अमले को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं उसके क्रियान्वयन से अवगत कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि शासकीय परिसरों का चिन्हांकन कैसे किया जाए, नोडल अधिकारी की भूमिका क्या होगी, शासकीय परिसरों में नोटिस बोर्ड लगाने की अनिवार्यता क्या है, निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के कर्तव्य क्या हैं तथा चिन्हांकित परिसरों को फेंसिंग, बाउंड्रीवाल एवं गेट से सुरक्षित कैसे किया जाए। हेल्पलाइन नंबर 1100 पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की प्रक्रिया भी विस्तार से बताई गई।

# 24 वीं योनेक्स सनराइज स्टेट सीनियर, बैडमिंटन चौम्पियनशिप का हुआ आगाज



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत 24 वीं योनेक्स सनराइज स्टेट सीनियर बैडमिंटन चौम्पियनशिप का आगाज हो गया। 16 दिसबंर तक रणजीता स्टेडियम के पास स्थित बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम में चलने वाले इस टूर्नामेंट में प्रदेश भर से आए 141 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का चमक बिखेरेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जशपुर नगरपालिका के अध्यक्ष अरविंद भगत सहित अन्य अतिथियों ने मॉ सरस्वती, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से जिले में हो रहे राज्य स्तरीय स्पर्धाओं से जशपुर की एक अलग पहचान बन रही है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के कौशल व अनुभवों का लाभ यहां के खिलाड़ियों को भी मिल रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष जशपुर गंगाराम राम भगत और नगर पालिका जशपुर के उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव मौजूद थे। इसके साथ ही कलेक्टर रोहित व्यास, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, सहायक कलेक्टर अनीकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राम मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा एवं हरिओम द्विवेदी, नेशनल एम्पायर एवं छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एशोसिएशन के मुख्य रेफरी प्रताप भट्टाचार्य, जशपुर बैडमिंटर एशोसिएशन के सचिव विनोद सोनी सहित कोच, खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद भगत ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही प्रशासन को बेहतर आयोजन के लिए सराहना भी की। उन्होंने कहा कि जिले में हो रहे राज्य स्तरीय आयोजनों से यहां की खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री विषणुदेव साय का प्रयास है कि जशपुर सभी क्षेत्र में तेजी से विकास करें। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर मिले, इन्हीं कोशिशो के तहत जिले में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जा रहे हैं। जशपुर के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन किया है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा और वे उभर के सामने आएंगे। जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत ने अपने उदबोधन में सभी खिलाड़ियों को अभिनंदन करते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ी यहां आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं भी दी। नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि खेल में उनकी विशेष रूचि है, वे स्वंय तैराकी, बास्केट बॉल और टेनिश की स्पर्धाओं में भाग ले चुके हैं। एसे आयोजनों से निश्चिंत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक/3076/2/राजस्व/न.पा./2025-26
कुरूद, दिनांक 12/12/2025

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार केला पिता श्री कुंजीलाल केला, निवास-वार्ड क्र. 08 सिहाद, तह. भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) के नाम पर स्थान वार्ड क्र. 13 संजय नगर कुरूद की (अंदर सकरी गली) कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद, जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 694/1/6/2 का टुकड़ा का रकबा 840 वर्गफूट राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त आबादी भूमि को रजिस्ट्रीकरण के आधार पर 01. दिनेश कुमार मिश्रा पिता श्री केदार नाथ मिश्रा, 02 श्रीमति आशा मिश्रा पति श्री दिनेश कुमार मिश्रा, निवास वार्ड क्र. 06 चंडीपार कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) ने नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, कबीरधाम (छ.ग.)**

नि.क्र. 08/नि.शा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.वि.खंड/2025 कबीरधाम, दिनांक 10/12/2025

**// मैनूअल पद्धति निविदा सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम के अंतर्गत नीचे लिखे कार्य हेतु समुहवार निविदा निम्न समय सारिणी अनुसार **प्रपत्र ''अ''** में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24/12/2025 समय 5:30 बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 31/12/2025 समय 5:30 बजे तक

| समूह क्र. | ग्राम का नाम | कार्य की अनु.लागत ''रू. लाख में'' |
|---|---|---|
| 1. | Shifting of pipe line & FHTC at village Kholwa to kumhari road block S.Lohara District-Kabirdham. | 5.80 |

उपरोक्त कार्य की निविदा में भाग लेने की पात्रता, समान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा. यां. खण्ड कबीरधाम से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
कबीरधाम (छ.ग.)**

G-252605409/3










**रायपुर।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस मोवा के द्वारा गुरूवार की शाम को ''अविरल'' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को रोमांचित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, श्री बालाजी गुप के प्रेरणास्रोत आर.के. नायक एवं सत्यवती नायक तथा इंस्टीट्यूट के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डॉयरेक्टर सीए नीतिन पटेल, डॉयरेक्टर डॉ. विरेन्द्र पटेल, डॉयरेक्टर डॉ. पुष्पेन्द्र नायक, डॉयरेक्टर डॉ. तेजस नायक, इंस्टीट्यूट के डीन डॉ. मानिक चटर्जी, डॉ. विष्णुदत्त, डॉ. दीपक जायसवाल, सीईओ हिमांशु साहू, भोजराम पटेल समेत काफी संख्या में चिकित्सकगण एवं अविभावक उपस्थित रहे।

## भ्रमण का असर : तड़के सुबह की कार्रवाई से हटे अतिक्रमण, लगा भारी जुर्माना

पायनियर संवाददाता < बीरगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम बीरगांव के आयुक्त युगल किशोर उर्वशा द्वारा जनहित और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार किए जा रहे मॉर्निंग विजिट का प्रभाव आज स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। प्रातः 7:00 बजे आयुक्त उर्वशा ने निगम की टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाली किनारे अवैध अतिक्रमण पाया गया, जो जल निकासी व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रहा था। आयुक्त के निर्देश पर मौके पर ही त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की गई। नालियों के ऊपर बने अवैध अतिक्रमण को हटाया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ दुकानदारों पर 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि शहर की सफाई और सुगम यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी कमल नारायण जंघेल, उप अभियंता केवल साहू, उप अभियंता रंजीत कृषांन, सफाई दरोगा राजेश सिंह क्षत्रिय सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन की इस त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और लोगों में स्वच्छता एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## बालको ने मेगा रक्तदान शिविर का किया सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com




वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, कोरबा के सहयोग से बालको अस्पताल में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बालको कर्मचारियों, व्यवसायिक साझेदारों उनके परिजनों और आसपास के समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 220 से अधिक रक्तदाताओं के सहयोग से ज़िले के ब्लड बैंक की क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया, सिकल सेल डिज़ीज़, कैंसर, सड़क दुर्घटनाओं, मातृत्व संबंधी जटिलताओं तथा हीमोफीलिया जैसे रक्तस्राव जनित रोगों के लिए आवश्यक रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान और नियमित रक्तदान के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई गई। सभी एकत्रित रक्त यूनिट्स का पूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उन्हें शासकीय मेडिकल कॉलेज, कोरबा के ब्लड बैंक में सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा, जहाँ से इन्हें जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी की समुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि समुदाय को ज़रूरी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारे विकास कार्यों की मुख्य प्राथमिकता है। कंपनी का मानना है कि स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि ही प्रगति की नींव हैं। ऐसे प्रयास उद्योग और समाज के साझा दायित्व को मजबूत बनाते हैं। इस शिविर में लोगों की बड़ी भागीदारी बताती है कि मिलकर किए गए प्रयास आपातकालीन स्थितियों में तैयारी को बढ़ाते हैं और ज़िले के ज़रूरतमंद मरीजों की मदद में महत्वपूर्ण साबित होते हैं। बालको की पहल की सराहना करते हुए जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, कोरबा के नोडल अधिकारी डॉ. रविकांत सिंह राठौर ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान आपातकालीन स्थितियों और दीर्घकालिक उपचार के लिए पर्याप्त रक्त भंडार बनाए रखने में अत्यंत जरूरी है। बालको के इस प्रयास ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रेरित किया है। दान की गई प्रत्येक यूनिट किसी मरीज के लिए जीवनदायी सिद्ध होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपने निरंतर प्रयासों के तहत बालको वित्त वर्ष 2025 में 2 लाख से अधिक लोगों को विविध स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया है। प्रोजेक्ट आरोग्य के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और एचआईवी जागरूकता अभियानों द्वारा लगभग 76,000 लोगों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाई गईं। मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) 70 से अधिक समुदायों में घर-घर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रही हैं, जिनसे 23,000 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। वहीं, त्रैमासिक मेगा हेल्थ कैंप और जागरूकता कार्यक्रम टीकाकरण, स्वच्छता और निवारक स्वास्थ्य पर केंद्रित हैं। बालको मेडिकल सेंटर, 170-बेड की अत्याधुनिक कैंसर देखभाल सुविधा का प्रमुख केंद्र है जो 2018 से अब तक 60,000 से अधिक मरीजों की सेवा प्रदान कर चुका है। वहीं बालको अस्पताल, 120-बेड बहु-विशेषज्ञता वाला स्वास्थ्य केंद्र, 80 से ज्यादा मेडिकल विशेषज्ञों और 110 से अधिक सपोर्ट स्टाफ के सहयोग से प्रति वर्ष लगभग 1.8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।



# रायपुर पश्चिम में मूणत का बड़ा स्वास्थ्य आयोजन मंत्री जायसवाल ने तैयारियों का लिया जायजा



**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com

रायपुर पश्चिम विधानसभा में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उददेश्य से 18 से 22 दिसंबर तक शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह पहल रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत द्वारा की गई है, जिसकी तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कैंप स्थल का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर प्रदेश के नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिले। कैंप का भव्य उदघाटन 18 दिसंबर को होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इसके साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, पूर्व महापौर सुनील सोनी, महापौर मिनल चौबे, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। पांच दिवसीय इस मेगा हेल्थ कैंप में विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच, उपचार और दवाइयों का वितरण किया जाएगा। आयुर्वेद और एलोपैथी सहित विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम परामर्श और इलाज उपलब्ध कराएगी। विधायक राजेश मूणत ने आम जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

# मॉडीफाई सायलेंसर लगाकर तीव्रगति से वाहन चलाना युवक को पड़ा भारी



**पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा**
www.dailypioneer.com

अधिकारियो के निर्देशन एवं शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा निरीक्षक रमाकान्त तिवारी के नेतृत्व में तिल्दा पुलिस के द्वारा प्रतिदिन लगातार शहर के प्रमुख सड़को पर मोटर व्हीकल चेकिंग अभियान के रूप में कि जा रही इसी दौरान एक युवक अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एल.टी. 7863 में मॉडीफाई सायलेंसर लगाकर तीव्रगति से वाहन को शहर के व्यस्त मार्गो से गुजर रहा था जिससे आम नागरिको को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा था। मोटर सायकल चालक को रोक कर यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने हिदायत देकर चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 182(क)(4) के तहत् कार्यवाही करते हुवे वाहन को जप्त कर न्यायालय पेश किया गया जिस पर न्यायालय तिल्दा नेवरा के द्वारा वाहन स्वामी पर 5000/ रू का जुर्माना करते हुवे सायलेंसर को नष्ट किया गया। तिल्दा पुलिस की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# मामूली बात पर धारदार हथियार से वार करने वाले 2 आरोपी हुए गिरफ्तार
## घटना के महज चन्द घंटों में पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार



**पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा**
www.dailypioneer.com

थाना से मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसमें दो आरोपियों ने धारदार हथियार से युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामला ग्राम बैकुंठ का है, जहां चिकन दुकान संचालक से बिजली बोर्ड व बल्ब तोड़ने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपी टुकेश उईके उर्फ सिद्धु उईके (26 वर्ष) और सोहन उर्फ मोनू उईके (21 वर्ष), निवासी ग्राम जलसो, प्रार्थी के घर में घुस गए और धारदार हथियार से हमला कर कैलाश वर्मा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मोटरसाइकल से फरार हो गए, परंतु पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपराध क्रमांक 554/2025 धारा 333, 109(1), 127(2), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को रायपुर रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो धारदार हथियार और एक मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 1 लाख रुपए) भी जप्त की है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक रमाकान्त तिवारी थाना प्रभारी उप निरीक्षक पीआर साहू, प्रआर राजेश सिकरवार, आर. संदीप सिंह, कुलदीपक वर्मा, किशोर शर्मा, जितेन्द्र सोनी तथा सायबर सेल के सउनि गेंदूराम नवरंग, प्रआर. कृपासिंधु पटेल के द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई जो सराहनीय रही।

# बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विकास कार्य की शुरुआत की गई

**पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



नगर के परशुराम वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरुआत की गई। वार्ड के नागरिकों की लंबे समय से लंबित मांग के अनुरूप, संजय तिवारी जी के निवास से लेकर संतोष देवांगन के निवास तक 4.25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस सड़क निर्माण से वार्डवासियों के आवागमन में हो रही दिक्कतों का समाधान होगा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा और गति मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित वार्ड पार्षद भुवन सिंह ठाकुर दशरथ साहू नीरज केसरवानी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा- कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु परिषद द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। परशुराम वार्ड में सी.सी. रोड निर्माण से नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और विकास कार्यो की श्रृंखला आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# पंजीकृत सभी किसानों के एक-एक दाना खरीदी किया जाएगा : कलेक्टर

**पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य मे धान खरीदी केन्द्रो मे धान खरीदी का लीमिट बढाये जाने आवेदन पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौपा गया जिसमें उल्लेख किया गया है कि वर्तमान स्थिति मे कूपन कटने मे अनेक कठिनाइयां आने के कारण किसान अपने धान बेचने मे असमर्थ और असहाय महसूस कर रहे है उनके द्वारा लगातार विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने के खरीदी लिमिट सीमित होने से किसानों को धान विक्रय मे समस्या को लेकर अवगत कराया गया व वर्तमान परिस्थिति मे किसानों के हितों को ध्यान मे रखते धान खरीदी लिमिट व लघु किसानों को पहले विक्रय हेतु विशेष महत्व दिये जाने का उल्लेख किया गया।

**पंजीकृत सभी किसानों के एक-एक दाना खरीदी किया जायेगा** - कलेक्टर दीपक सोनी ने पत्रकारों के द्वारा समर्थन मूल्य धान खरीदी मे धान कि लीमिट सीमित किये जाने के मामले मे कहा कि पंजीकृत किसानों के साल भर कि मेहनत के कृषि उपज धान के एक एक दाना को सभी सोसायटी केन्द्रों मे खरीदी किया जायेगा कलेक्टर दीपक सोनी ने पत्रकारों को बताया कि जिन धान खरीदी सोसायटी केन्द्रों में 80 प्रतिशत धान विक्रय का अपलोड हो गया वहां धान खरीदी का लीमिट बढा दिया गया है जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर 1.36 क्विंटल से बढकर 1. 57 लीमिट बढाया गया है कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि जो सोसायटी धान खरीदी को लेकर ज्यादा से ज्यादा किसानों का विक्रय करके आये धानों का फोटोग्राफी करेगी उन सोसायटियों के धान खरीदी का लीमिट बढाया जायेगा वही कलेक्टर को किसानों के मांग पर अवगत कराये जाने पर ग्राम कोदवा कोनी के सोसायटी मे बोर कराये जाने का आश्वासन दिया एवं सोसायटी केन्द्रों मे किसानों से धान खरीदी 40.700तक के वजन मे लिये जाने कि बात कही।

**पंजीयन के लिये भटक रहे किसान** - धान खरीदी के 25 दिन गुजर जाने के बाद भी बहुत से किसान समर्थन मूल्य मे धान विक्रय किये जाने हेतु पंजीयन हेतु ग्राम बम्हनीडीह के किसान कलेक्टर कार्यालय मे चक्कर काटते नजर आये जो कि एकाकृत पंजीयन जब तक पोरी मे दर्ज नहीं होगा तब तक किसान धान नहीं बेच पायेंगा जो कि सोसायटी से पंजीकृत किया जाना बताया गया।

# राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की पुण्यतिथि पर श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर के पदाधिकारियों ने प्रतिमा स्थल पर किया नमन



**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के जलविहार कॉलोनी उद्यान परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित गहोई वैश्य समाज रायपुर के अशोक बानी एवं समस्त पदाधिकारियों ने उनका सादर नमन किया।

# टाटा मोटर्स ने एक्सकॉन 2025 में प्रस्तुत किए नवाचार आधारित, टिकाऊ और बुद्धिमान मोबिलिटी समाधान

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



भारत की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने दक्षिण एशिया के प्रमुख निर्माण उपकरण प्रदर्शनी एक्सकॉन 2025 में उन्नत और भविष्य की मांगों के अनुरूप विकसित समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। इस वर्ष की थीम 'प्रोडक्टिविटी अनलीश्ड' के अनुरूप प्रदर्शित यह पोर्टफोलियो निर्माण और खनन गतिविधियों में तेजी के साथ बढ़ रही व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है ताकि परिचालन दक्षता और फ्लीट संचालन की लाभप्रदता को और बेहतर बनाया जा सके। प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रमुख आकर्षणों में प्राइमा 3540.K ऑटोशिफ्ट शामिल है, जो टाटा मोटर्स का अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर है और डीप माइनिंग जैसी अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपना पहला पूर्ण-इलेक्ट्रिक टिपर प्राइमा ई.28के तथा देश का पहला फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी टिपर सिग्ना 2820 भी पेश किया।

# ग्राम सभा मोबिलाइजर के पद पर भर्ती हेतु 16 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर**
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत वर्ष 2025-26 की अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार पेसा क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता मदान्तर्गत जिला नारायणपुर के जनपद पंचायत नारायणपुर अन्तर्गत 30 ग्राम पंचायतों में से 01 ग्राम पंचायत रायनार एवं जनपद पंचायत ओरछा अंतर्गत नियद नेल्लानार के 30 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतों हेतु ग्राम सभा मोबिलाइजर्स नियुक्त किया जाना है। ग्राम सभा मोबिलाइजर का चयन मापदण्डों के आधार पर किया जावेगा, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण, अभ्यर्थी को संबंधित जिले का मूल निवासी, अभ्यर्थी की आयु सीमा 21 से 35 वर्ष के मध्य तथा अभ्यर्थी की गांव या पंचायत स्तर पर सामाजिक, सांस्कृति गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। जनपद पंचायत के समिति गठित कर अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। नियुक्ति एवं वित्तीय वर्ष समाप्ति तक या योजना समाप्त किये जाने तक जो पहले हो के लिए होगी। इनकी नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है। स्थायीकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही किया जावेगा। चयन पारदर्शिता, पात्रता व दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। ग्राम सभा मोबिलाइजर को मासिक मानदेय राशि 4000 हजार रूपये देय होगा। यह पद पूर्णतः अस्थायी है। अतः इसके अतिरिक्त अन्य सुविधा यथा किसी भी प्रकार की पेंशन, उपादान, अनुकम्पा, भत्ते की पात्रता नही होगी। मुख्य रूप से पेसा अधिनियम 1996 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगें। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण अनुसार तथा समय-समय पर उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदाय करेंगें।

# अवैध रूप से बिक्री करने के लिए भारी मात्रा में शराब मंगाने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी रोड में घेराबंदी कर स्कूटी के माध्यम से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों पंकज डहरिया एवं आशीष धृतलहरे को गिरफ्तार कर आरोपी शराब कोचियों से 41,400 कीमत मूल्य का 414 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी क्र. सीजी04 एनटी2697 जप्त किया गया था। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 772/2025 धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। विवेचना क्रम में आरोपियों को ग्राम अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान से अवैध रूप से लाभ कमाने के उद्देश्य से शराब देने वाले सेल्समैन खोगेश्वर प्रसाद साहू को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों से विस्तृत एवं गहन पूछताछ कर, भारी मात्रा में शराब मांगने वाले आरोपी के संबंध में जानकारी जुटाया गया जिसमें पता चला कि पूर्व में गिरफ्तार दोनों आरोपियों द्वारा ग्राम अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान के सेल्समैन खोगेश्वर प्रसाद साहू से सांठगांठ कर उक्त शराब को लेकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए आरोपी कृष्णकांत उर्फ कान्हा मिश्रा के मंगाने पर भाटापारा शहर लाया लाया जा रहा था।

# नगर निगम ने भगवान नारायण हॉस्पिटल पर मेडिकल वेस्ट जनरल सूखा-गीला कचरा ब्लैक पॉलीथिन में दिए जाने पर 10 हजार रुपए का किया जुर्माना

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत कबीर नगर स्थित भगवान नारायण हॉस्पिटल के संचालक को हॉस्पिटल का मेडिकल वेस्ट जनरल सूखा गीला कचरा ब्लैक पॉलीथिन में देने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आने पर तत्काल नोटिस जारी कर भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना किया है और हॉस्पिटल से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट के निपटान की उचित व्यवस्था करने के स्पष्ट निर्देश नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर ने भगवान नारायण हॉस्पिटल कबीर नगर के सम्बंधित संचालक को नोटिस में दिए हैं, अन्यथा की स्थिति में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 अंतर्गत प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी नोटिस में दी गयी है।

**जैविक कृषि नवाचार, जन-सेवा और जनजातीय उत्थान में अद्वितीय योगदान हेतु मिला सम्मान**

# डॉ. राजाराम त्रिपाठी राज्य स्तरीय अलंकरण 'प्राइड ऑफ नेशन-2025' से सम्मानित

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ की राजधानी में आयोजित एक भव्य और गरिमामय राज्य स्तरीय समारोह में देश के प्रख्यात जैविक कृषि वैज्ञानिक, केंद्रीय हर्बल एग्रो मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन तथा अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को वर्ष 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड-2025' से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण, जनजातीय समुदायों के उत्थान, जैविक कृषि नवाचारों और किसान-केंद्रित राष्ट्रीय अभियानों में उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह अलंकरण समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा सम्पन्न किए गए, जिनका वरण छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा और समता साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी. आर. बंजारे 'ज्वाला' ने किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. त्रिपाठी ने अपने नवाचारों, लेखन, किसान आंदोलनों में नेतृत्व, तथा जैविक-औषधीय कृषि के राष्ट्रीय मॉडल विकसित कर भारत की किसान-नीति और पर्यावरण-चिंतन को नई दिशा दी है। उन्हें यह सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों का स्वीकार है, बल्कि बस्तर की जनजातीय ज्ञान-परंपरा को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की उनकी सतत प्रतिबद्धता का भी सम्मान है। डॉ. त्रिपाठी के नेतृत्व में 'मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर' कोंडागांव, बस्तर आज देशभर में जैविक खेती, प्रशिक्षण, प्राकृतिक खाद मॉडल, औषधीय पौधों की उच्च-उपज किस्मों और जनजातीय चिकित्सा अनुसंधान का प्रमुख केंद्र माना जाता है। देश-विदेश से आने वाले हजारों किसान और शोधार्थी यहां प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ जनों ने कहा कि डॉ. त्रिपाठी जैसे व्यक्तित्व भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्रकृति-संरक्षण की रीढ़ हैं, जिनके कार्य अगली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।

## डॉ. राजाराम त्रिपाठी : प्रमुख उपलब्धियां

भारत के उच्च उपज वाले काली मिर्च एमडीबीपी16 के अधिकृत विकसितकर्ता, जिसे भारत सरकार ने पंजीकृत किया है। मां दंतेश्वरी नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल के जनक, जो पॉलीहाउस की तुलना में 40 लाख के स्थान पर मात्र 2 लाख प्रति एकड़ में विकसित। छह विषयों में स्नातकोत्तर और बस्तर की पारंपरिक चिकित्सा पर पीएच.डी.। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 60,000 से अधिक किसानों को जैविक कृषि, औषधीय पौधों और उद्यमिता का निःशुल्क प्रशिक्षण। 'ग्लोबल ग्रीन वारियर', 'अर्थ हीरो अवार्ड', 'विभूति अलंकरण', 'कबीर साहित्य सम्मान' सहित अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मान। लोकप्रिय पुस्तकों 'मैं बस्तर बोल रहा हूँ', 'बस्तर बोलता भी है', 'दुनिया इन दिनों', गांडा अनुसूचित जाति या जनजाति' (शोधग्रंथ) के लेखक।

# निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग ने रेल्वे स्टेशन मार्ग में 7 दुकानदारों पर गंदगी फैलाने पर 8300 रुपए जुर्माना किया



**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com

नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया के नेतृत्व में स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे स्टेशन मार्ग में 7 दुकानों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त सम्बंधित दुकानों में गन्दगी मिली और गन्दगी सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही मिली। इस पर जोन 2 जोन कमिश्नर के निर्देश पर सम्बंधित 7 दुकानदारों पर उन्हें भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 8300 रूपये का जुर्माना किया गया और नगर निगम में प्राप्त गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

# विप्र कॉलेज में 17 दिसंबर को इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र महाविद्यालय में इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर को किया गया है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि रविवि के खेल कैलेंडर अनुसार पूर्व में यह प्रतियोगिता 5 व 6 जनवरी को आयोजित थी। 27 से 31 दिसंबर को अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए आयोजन 17 दिसंबर को रखा गया है। इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के आधार पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने बॉडी बिल्डरों का चयन किया जाएगा।

## सरोजनी पिल्लई का निधन



**रायपुर।** हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टाटीबंध, एलआईजी-52 निवासी सरोजनी पिल्लई (82 वर्ष) का आकस्मिक निधन गुरुवार को प्रातः 10 बजे हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार 14 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे एन.एस. पिल्लई की धर्मपत्नी, सुनील पिल्लई, मनोज पिल्लई एवं सुभा की माताजी थीं। सरोजनी पिल्लई के निधन पर रायपुर नायर समाजम एवं रायपुर केरला समाजम ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403